# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025










**पोर्टल में दिखाया स्वास्थ्य संस्थानों में झूठा इंस्टालेशन, मोक्षित को 44 करोड़ का भुगतान**

# मेडिकल घोटाले में अफसरों का खुला खेल, मुफ्त के नियम को हटाकर खरीदी 121 करोड़ की स्टार्टर टेस्ट किट

## चालान में जिक्र, एमडी के इशारे पर स्वास्थ्य और दवा निगम के अफसर करते रहे तिकड़म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण और रीएजेंट खरीदी की आड़ में अफसरों ने घोटाले का खुला खेल खेला। उपकरणों के साथ सौ टेस्ट किट फ्री में देने का नियम था, जिसे हटाकर मोक्षित कार्पोरेशन से 121 करोड़ की स्टार्टर टेस्ट किट की खरीदी कराई गई। स्वास्थ्य संस्थानों में मशीन इंस्टालेशन की झूठी जानकारी निर्धारित पोर्टल में दर्ज की गई, जिससे संबंधित कंपनी को 44 करोड़ का भुगतान हो गया। अफसर सारा तिकड़म मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी के इशारे पर करते रहे। इसके लिए उनका लगातार संपर्क रहा, जो आरोपियों के फोन की जांच में सामने आया है। ईओडब्ल्यू ने दवा निगम और स्वास्थ्य संचालनालय के माध्यम से हुए घोटाले का चालान पत्र न्यायालय में पेश किया है। चालान में आरोपियों द्वारा सप्लायर मोक्षित कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए सोची-समझी साजिश के तहत काम करने का उल्लेख है। मोक्षित के कंपनी ने एक रैकेट बनाकर इस घोटाले को अंजाम दिया। चालान में जिक्र किया गया* ▶▶ शेष पेज 6 पर

**हरिभूमि फॉलोअप**


3000 पन्नों का चालान, सप्लायर-अफसरों की सांठगांठ ने प्रक्रिया को बनाया मजाक

छह महीने की जगह 26 दिनों में मिला मोक्षित को 314 करोड़ का आर्डर

8.50 के ट्यूब का 2352 रुपए, 5 लाख की सीबीसी मशीन को 25 लाख में खरीदा

दवा निगम में भ्रष्टों का किला ढहा, तत्कालीन जीएम सहित पांच अरेस्ट, सात दिन की रिमांड

हरिभूमि की लंबी मुहिम का असर...

### किस आरोपी की क्या भूमिका

- *क्षिरोद्र रौतिया:- बायोमेडिकल इंजीनियर के पद पर रहते तकनीकी परीक्षण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को प्रभावित किया। रीएजेंट की न्यूनतम दर पर आई आपत्ति को गलत उदाहरण देकर सही साबित कर मोक्षित से मनमाने दाम पर खरीदी का रास्ता बनाया। इसके जरिए मोक्षित कएँपोरेशन को प्राप्त हुए टेंडर में 0.2 प्रतिशत कमीशन मिला।*
- *डॉ. अनिल परसाई:- उपसंचालक स्टोर ने विशेषज्ञों के तर्क को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से रीएजेंट की सूची तैयार कराई। इसमें कार्डियक और कैंसर मार्कर को जोड़ा गया। सप्लाई के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष तरह के रेफ्रिजरेटर की सुविधा नहीं होने की जानकारी को नजरअंदाज किया गया। विशेषज्ञों की समिति पर अपना निर्णय थोपकर सप्लाई टेंडर को मोक्षित की तरफ मोड़ा गया।*
- *बसंत कौशिक :- तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक उपकरण ने मोक्षित कॉर्पोरेशन को लाभ पहुंचाने कई टेंडरों में टेलमेड शर्तों को लागू कराया। जिलास्तर पर मांग के आधार पर सीबीसी मशीन के लिए दर अनुबंध की कार्यवाही की गई। पीडियाट्रिक 3 पार्ट डब्ल्यूबीसी डेफ्रिशियल एनॉलॉइजर मशीन की निविदा में जानबूझकर ईडीटीए ट्यूब जोड़ा गया। इस ट्यूब को विशेष तरह का बताकर लगभग दो करोड़ की शासन को क्षति पहुंचाई गई।*
- *दीपक बंधे :- बायोमेडिकल इंजीनियर ने विशेषज्ञ समिति की भूमिका को औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित करते हुए निर्णय को मनमाने ढंग से संचालित किया। सीबीसी मशीन की सप्लाई की वैधानिक प्रक्रिया के तहत जांच नहीं की गई। शशांक चोपड़ा के पक्ष में काम करने के लिए उसे 0.2 प्रतिशत कमीशन प्राप्त होने के साक्ष्य मिले।*
- *कमलकांत पाटनवार :- तत्कालीन उप प्रबंधक उपकरण ने एमडी के संदेह के बाद भी शारदा इंड्रस्ट्रीज के मेनपावर और उत्पादन का भौतिक सत्यापन नहीं कराया। फर्म अपात्र न* ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पत्थरों के बीच फंसा रहा 4 घंटे



*मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम भाठीगढ़ निवासी दशमन नेगी पिता घनाराम नेगी (45) चार घंटे तक पत्थरों के बीच फंसा रहा। तेंदूपत्ता की तोड़ाई के लिए दशमन रविवार दोपहर 2:00 बजे के आसपास भाठीगढ़ पहाड़ी में जंगली रस्सी लेने गया था। जंगल में रस्सी एकत्र करने के बाद पहाड़ पर बैठकर उसे लाने की तैयारी कर रहा था कि अचानक बड़े पत्थर लुढ़क गया। पत्थरों के बीच ग्रामीण दशमन नेगी दब गया। करीब चार घंटे बाद पहाड़ी घूमने आए युवकों ने उसकी आवाज सुनी और ग्रामीणों की खबर दी। इसके बाद उसे निकाला गया। इसके बाद संजीवनी एक्सप्रेस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर कर दिया।*

## एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच के लिए दर्ज किया मामला

# एके-47 और एम4 असॉल्ट राइफलों से बरसी थीं गोलियां, सबूतों की तलाश

**एनआईए ने पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है। आतंकी साजिश का पता लगाने के लिए सबूतों की तलाश तेज कर दी है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। इसी बीच, फोरेंसिक विश्लेषण ने पुष्टि की है कि इस हमले में आतंकियों ने आधुनिक एके-47 और एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल किया, जिनके कारतूस घटनास्थल से बरामद किए गए हैं।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


आतंकवाद रोधी एजेंसी (एनआईए) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के बाद रविवार को जम्मू में मामला दर्ज किया और कई टीम जांच में जुटी हैं।

- **राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कई टीमें एक साथ कर रही जांच**

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को नृशंस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद स्थानीय पुलिस की सहायता के लिए एनआईए के महानिरीक्षक के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल पर भेजी गई है। उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम सबूत जुटाने के लिए बुधवार से ही आतंकी हमले वाली जगह पर डेरा डाले हुए हैं।

एनआईए के एक बयान में कहा गया, एनआईए की टीम आतंकवादियों के बारे में सुराग हासिल करने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन जांच कर रही हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर





### एक्शन में सरकार

**भारत नहीं छोड़ा तो तीन साल जेल 3 लाख जुर्माना**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। जिसमें कुछ चले गए हैं और कुछ दो दिन कुछ और भी वापस देश से भेजे जाएंगे।

### तीन दिन में 10 आतंकियों के घर को उड़ाया

इधर, सुरक्षाबलों ने कश्मीर घाटी में पिछले तीन दिनों में 10 आतंकियों के घर ब्लास्ट से उड़ा दिए। बीते दो दिन में 272 पाकिस्तानी नागरिक भारत छोड़कर जा चुके हैं। 13 डिप्लोमैट-अफसरों समेत 629 भारतीय, पाकिस्तान से लौटे हैं।

### 20 से 22 घंटे जंगलों में चलकर पहुंचे घाटी

आतंकी करीब 20 से 22 घंटे जंगलों में चलकर बैसरन घाटी में पहुंचे और घातक हमले को अंजाम दिया। सूत्रों ने बताया है कि हमले के दौरान आतंकियों ने दो मोबाइल फोन छीने थे। एक पर्यटक और दूसरे स्थानीय निवासी का।

### हमले का वीडियो बना फोरेंसिक साक्ष्य

एनआईए के जांच में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। जांच में यह सामने आया है कि जब आतंकी घटना को अंजाम दे रहे थे तो एक स्थानीय फोटोग्राफर ने पूरे हमला का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

### पीएम की मन की बात

**मोदी बोले- हर भारतीय गुस्से में, पीड़ितों को मिलेगा न्याय**



*इधर, 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा। मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी हमले के कारण उनका मन बहुत दुखी है और हर भारतीय गुस्से से उबल रहा है। मोदी ने कहा कि यह घटना ऐसे समय में आतंकवादियों और उनके आकाओं की हताशा एवं कायरता को दर्शाती है जब कश्मीर में शांति लौट रही* ▶▶ शेष पेज 6 पर

**INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड**

| मुंबई | | लखनऊ |
|---|---|---|
| 215/7 | VS | 161/10 |

54 रन से जीता मुंबई

29 रन, 2 विकेट : विल जैक्स प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

गुजरात VS राजस्थान

समय : शाम 7.30 बजे

### शेरनी को कुचला, आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में एक ट्रक चालक को एक शेरनी को कुचलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 24 अप्रैल को अमरेली-सावरकुंडला राजमार्ग पर हुई। आरोपी राजेश पडारिया तेज गति से वाहन चला रहा था और उसने मंगलवार तड़के शेरनी को कुचल दिया। आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीम गठित की गईं।

**संकल्प अभियान का छठा दिन**

## छह दिन में जवानों ने नक्सलियों के 100 से अधिक बम ढूंढ़ निकाले





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ फोर्स का संकल्प अभियान छठे दिन भी कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में जारी है जो आने वाले कुछ दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। अभियान में लगे 10 हजार से अधिक सैनिक नक्सलियों के घेरने प्रयासरत हैं और लगातार पहाड़ों में लगे बमों को निष्क्रिय करते हुए ▶▶ शेष पेज 6 पर

**नहीं हो सकी 3 की शिनाख्त**


संकल्प अभियान के दूसरे दिन नक्सलियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पीएलजीए बटालियन नम्बर एक के तीन वर्दीधारी महिला माओवादियों को मार गिराया था।

**सातवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में बड़ा बदलाव**

# एनसीईआरटी की नई किताब से मुगल हटे, जोड़ा गया महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एनसीईआरटी ने सातवीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में बड़ा बदलाव किया है। अब छात्रों को मुगल और दिल्ली सल्तनत का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा। इसकी जगह सामाजिक विज्ञान की किताब 'समाज का अध्ययन : भारत और उसके आगे' में प्राचीन भारतीय राजवंशों जैसे मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन पर नए अध्याय होंगे, जिनका ध्यान भारतीय लोकाचार पर है। इसके अलावा महाकुंभ, भूगोल, मेक इन इंडिया और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहल पर केंद्रित नए अध्याय शामिल किए गए हैं। इस सप्ताह जारी नई पाठ्यपुस्तकें नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप तैयार ▶▶ शेष पेज 6 पर



### दूसरे पार्ट में शामिल किया जाएगा या नहीं

एनसीईआरटी के अधिकारियों ने बताया कि यह पाठ्यपुस्तक का पहला भाग है, दूसरा भाग आगामी महीनों में आने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर कोई टिप्पणी नहीं की कि हटाए गए हिस्से किताब के दूसरे भाग में बरकरार रखे जाएंगे या नहीं। पहले मुगलों से जुड़े पाठों को छोटा किया गया था।

### वर्ण-जाति व्यवस्था से असमानताएं का दावा

पाठ्यपुस्तक में दावा किया गया है कि वर्ण-जाति व्यवस्था ने शुरू में सामाजिक स्थिरता प्रदान की, लेकिन बाद में यह कठोर हो गई। ब्रिटिश शासन के तहत जिससे कई असमानताएं पैदा हुईं।

### बच्चे पढ़ेंगे 'पवित्र भूगोल'

अध्याय में 'पवित्र भूगोल' जैसी अवधारणाओं का परिचय दिया गया है, जिसमें 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा और शक्ति पीठ जैसे स्थानों का विवरण दिया गया है। पाठ में जवाहरलाल नेहरू का एक उद्धरण शामिल है, जिन्होंने भारत को तीर्थस्थलों की भूमि के रूप में वर्णित किया है।

### संविधान पर भी एक अध्याय

पुस्तक में भारत के संविधान पर भी एक अध्याय है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि एक समय था जब लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति नहीं थी।




विघ्नहर्ता श्री गणेश और मां दुर्गा की मिट्टी से बड़ी मूर्तियों को गढ़ने के नाम से छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देशभर में प्रसिद्ध दुर्ग जिले के शिल्प ग्राम थनौद के मूर्ति कारों का भविष्य संकट में आ गया है। गांव से गुजरने वाले भारतमाला प्रोजेक्ट में बन रहे एक अंडरब्रिज की हाइट को कम किए जाने से अब अगले साल से यहां के कलाकार बड़ी मूर्तियों का निर्माण नहीं कर पाएंगे। मूर्तिकारों का कहना है कि पिछले एक साल से वे केंद्र और राज्य सरकार से पुल की हाईट बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर कोई पहल नहीं होने के चलते अब आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

## भारतमाला की चपेट में शिल्प गांव थनौद

# अंडरब्रिज की हाइट नहीं बढ़ी तो अगले साल से कलाकार नहीं गढ़ पाएंगे मिट्टी की बड़ी मूर्तियां

सचिन अग्रहरि ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

राजनांदगांव और दुर्ग की सीमा पर स्थित शिल्प गांव थनौद के मूर्ति कारों की पहचान श्री गणेश और मां दुर्गा की नयनाभिराम बड़ी मूर्तियों को गढ़ने की है। गांव के हर घर में मूर्तिकार है और उनके जीवनयापन का केंद्र बिन्दु भी मूर्तियां गढ़ना है। पिछले लंबे अरसे से इस गांव को देशभर में काफी प्रसिद्धि भी हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और ओडिशा सहित कई राज्यों से यहां हर साल सैकड़ों मूर्तियां भेजी जाती है, लेकिन शिल्प गांव का वैभव अब खतरे में पड़ गया है। गांव के मूर्तिकार और किसान पिछले एक साल से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। गांव में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत सड़क का निर्माण चल रहा है।





**नदी में पुल की लंबाई भी कम:** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चल रहे सड़क निर्माण में शिवनाथ नदी में एक पुल का भी निर्माण किया जा रहा है। पुल का निर्माण सिर्फ दो सौ फीट तक किए जाने से अब कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि नदी की लंबाई करीब दो किलोमीटर है, लेकिन प्रोजेक्ट के अधिकारी सिर्फ दो सौ फीट तक ही पुल बना रहे हैं। जिससे बारिश में कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे।

### अंडरब्रिज की हाइट सिर्फ चार मीटर

प्रोजेक्ट के तहत अंडरब्रिज की हाइट सिर्फ चार मीटर निर्धारित की गई है। मूर्तिकारों का कहना है कि गांव में 20 से 22 फीट ऊंची मूर्तियों का निर्माण किया जाता है। यदि अंडर ब्रिज की हाईट सिर्फ चार मीटर रहेगी तो बड़ी मूर्तियां यहां से नहीं निकल पाएगी और उनका पुश्तैनी काम बंद हो जाएगा। मूर्तिकारों का कहना है कि अंडर ब्रिज की हाइट को छह मीटर किए जाने के लिए वे पिछले एक साल से नेताओं और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है।



### खेती-किसानी में भी संकट

अंडर ब्रिज की हाईट नहीं बढ़ने से यहां शिल्प गांव थनौद का भविष्य संकट में है। वहीं आसपास में स्थित ग्राम बिरेझर, चंगोरी और अंजोरा के किसानों को भी खेती-किसानी के लिए अब अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इन गांव में करीब ढाई हजार हेक्टेयर में खेती-किसानी होती है। किसानों का कहना है कि हाइट के कम होने के कारण कृषि यंत्र हार्वेस्टर का परिवहन भी गांव में नहीं हो पाएगा।

### मूर्तिकला पर संकट

पिछले एक साल से हम मूर्तिकार शासन और प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन आज पर्यन्त तक कोई पहल नहीं हो सकी है। हाइट नहीं बढ़ी तो मूर्तिकला पर संकट आ जाएगा।

-राधे चक्रधारी, मूर्तिकार

## खबर संक्षेप

### चिकन सेंटर में मुर्गे का पैसा देने के विवाद पर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। चिकन सेंटर में मुर्गा खरीदी के विवाद पर वहां काम करने वाले युवक की हत्या के आरोप में तेलीबांधा पुलिस ने एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। घटना एक सप्ताह पूर्व 20 अप्रैल की है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। चिकन सेंटर में काम करने वाले युवक की मौत सीढ़ी से खींचने से सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। चिकन सेंटर संचालक नानू यादव की शिकायत पर पुलिस ने नरेश कुमार धीवर की हत्या के आरोप में खम्हारडीह निवासी सुनील कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। नानू ने पुलिस को बताया है कि 20 अप्रैल को सुनील उसके चिकन सेंटर में मुर्गा खरीदने के लिए आया था। मुर्गा तौलाने के बाद वह ले जा रहा था। सुनील से नरेश ने चिकन के पैसे मांगे, तो सुनील ने चिकन का पैसा दिए जाने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान चार्ज में लगे मोबाइल को सुनील ने निकालकर अपनी जेब में रख लिया, जिसे नरेश ने देख लिया और सुनील को मोबाइल वापस करने के लिए कहा। विवाद के दौरान सुनील ने नरेश को झटके से दुकान की तीन-चार सीढ़ी से नीचे खींचा। इस वजह से नरेश सिर के बल सीढ़ी से नीचे गिरकर बेहोश हो गया। चिकन सेंटर संचालक नरेश को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गया, जहां उसके कोमा में आने की जानकारी मिली। इसके बाद नरेश को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी 22 अप्रैल को उपचार के दौरान मौत हो गई।

### फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी, पैसा थाईलैंड चीन में खपाया

रायपुर। फर्जी कंपनी बनाकर फॉरेक्स ट्रेडिंग की आड़ में ठगी की रकम को व्हाइट करने चीन, थाइलैंड में खपाने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत दिल्ली से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक पेशे से सीए है। जालसाज सीए की मदद से ठगी की रकम चीन, थाइलैंड भेजने का काम करते थे। गिरफ्तार जालसाजों के कब्जे से साइबर पुलिस ने फर्जी आधारकार्ड सहित कई फर्जी नाम से संचालित बैंक अकाउंट जब्त किए हैं। साइबर फ्रॉड करने के आरोप में साइबर पुलिस ने हिमांशु तनेजा, गणेश कुमार शाह, अंकुश को गिरफ्तार किया है। हिमांशु पेशे से सीए है। तीनों को साइबर पुलिस ने डॉ. प्रकाश गुप्ता की शिकायत पर पकड़ा है। डॉ. गुप्ता ने पिछले वर्ष तीनों के खिलाफ 11 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जालसाजों ने डॉ. गुप्ता को फॉरेक्स ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया था। विदेशी मुद्रा क्रय-विक्रय को फॉरेक्स ट्रेडिंग कहा जाता है। वित्त विनिमय में एक देश की मुद्रा खरीदकर दूसरे देश में या उसी देश में मुद्रा की खरीदी-बिक्री की जाती है। विदेशी मुद्रा खरीदी-बिक्री में संबंधित देश की मुद्रा की कीमतों में उतार चढ़ाव से होने वाले लाभ-हानि को फॉरेक्स ट्रेडिंग कहा जाता है। जालसाज ठगी करने फॉरेक्स ट्रेडिंग के पहले एक फर्जी कंपनी बनाते थे।

### गिरफ्तार सटोरियों के संबंध में सौ से ज्यादा पैनल ऑपरेट करने की मिली जानकारी

# महादेव से अलग नए सट्टा ग्रुप का संचालन आधा दर्जन सटोरिए दिल्ली से गिरफ्तार

**सरगना रायपुर का रहने वाला, नियमित कार्रवाई के बाद भी संचालित हो रहा सट्टा**

आईपीएल क्रिकेट से लेकर तमाम तरह के ऑनलाइन सट्टा संचालन पर रोक लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके सटोरिए पुलिस को चुनौती देते हुए सट्टा संचालन कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर का-बुक नामक नए पैनल की पहचान कर आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। का-बुक के नाम से चल रहे ऑनलाइन सट्टे में सौ से ज्यादा पैनल संचालित होने की जानकारी पुलिस को मिली है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मध्यप्रदेश का रहने वाला है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राकेश मदनानी उर्फ डाकी, विकास तारवानी उर्फ बाबू, बिलासपुर निवासी घनश्याम मनूजा उर्फ बबलू, गगन तोलानी, धमतरी निवासी विवेक नरसिंघानी तथा मध्यप्रदेश जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राजानी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के द्वारिकापुरी से राकेश मदनानी सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस के मुताबिक राकेश के भाई को पूर्व में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसी के निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली में छापे की कार्रवाई की।

### अब तक के 21 प्रकरणों में 63 गिरफ्तार

राजधानी में सट्टे का मकड़जाल किस तरह फैला हुआ है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने एक माह के भीतर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के 21 प्रकरण दर्ज कर 63 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस लिहाज से पुलिस हर दूसरे दिन ऑनलाइन सट्टा खिलाने का मामला दर्ज कर रही है। लगातार कार्रवाई के बाद भी सट्टा संचालित होने का मतलब है सटोरियों को पुलिस कार्रवाई का किसी तरह से भय नहीं है।



### खुद का पैनल बनाकर सट्टा संचालन

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में जिस पैनल पर कार्रवाई की गई है। वह एक नया पैनल है। का-बुक नामक पैनल का महादेव सट्टा एप से किसी तरह से लिंक है या नहीं, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। अलग-अलग नाम से संचालित ज्यादातर पैनल को महादेव सट्टा ग्रुप ने पैसे देकर खरीद लिया है।

### इस बात की भी पड़ताल

अन्ना रेड्डी से लेकर तीन दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े सट्टा पैनल को महादेव एप के प्रमोटरों ने खरीदकर अपने पैनल में मर्ज कर लिया है। ऐसे में का-बुक नामक सट्टा पैनल अब तक महादेव ग्रुप से कैसे बाहर रहा है, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। महादेव सट्टा एप ऐसे सट्टा पैनल, जो थोड़े ऊपर उठने लगते हैं, उसे खरीद कर अपने पैनल में मर्ज कर लेता है। का-बुक के सौ से ज्यादा पैनल हैं, ऐसे में इस ग्रुप में करोड़ों रुपए का सट्टा संचालित होने का अनुमान पुलिस लगा रही है।

## कई बार डेडलाइन डेड, अब तक नहीं बनी भाजपा के मंडल और जिलों की नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बीते दो माह से मंडल और जिलों की नई कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। मार्च से लेकर अप्रैल तक कई बार डेडलाइन डेड हो चुकी है, लेकिन परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम भी अटकी हुई है। किरण देव पहले ही कह चुके हैं कि मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश संगठन की नई टीम बनेगी। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव भी तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। अभी निगम, मंडल की दूसरी सूची भी आने वाली है, इसमें भी प्रदेश के संगठन के कई नेताओं को पद मिलेंगे। ऐसे में जिनको दूसरा पद मिल जाएगा, उनके स्थान पर नए चेहरों को नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

- प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम भी अटकी, अब अगले माह बनने की संभावना

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है। भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने दक्षिण सिक्किम के नामची में विकास पहलों की समीक्षा की



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू अपने दो दिवसीय सिक्किम दौरे के पहले दिन उन्होंने नामची स्थित जिला कार्यालय में जिला अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इसमें नामची जिले में भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई विभिन्न विकासात्मक पहलों और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा सत्र के बाद श्री साहू ने सिक्किम राज्य के शहरी विकास मंत्री भोजराज राय तथा नामची-सिंघीथांग के स्थानीय विधायक की उपस्थिति में जिला अधिकारियों की बैठक ली। विकास को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के दृष्टिकोण की दिशा में कार्य करने सिक्किम सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सिक्किम की प्रगति में परिलक्षित सहकारी संघवाद की भावना की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए श्री साहू ने पूर्वोत्तर भारत को अष्टलक्ष्मी के रूप में वर्णित किया। उन्होंने समावेशी विकास और बेहतर संपर्क को क्षेत्र की समृद्धि और परिवर्तन के प्रमुख साधन के रूप में रेखांकित किया। श्री साहू एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। जहां नाटक मंचन से पूर्व पहलगाम त्रासदी के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। जो एक भावपूर्ण एकजुटता और सम्मान का प्रतीक था। श्री साहू स्थानीय हाट बाजार में स्ट्रीट वेंडर्स से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को सुना। उन्होंने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया । नामची में शहरी परिवर्तन के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। श्री साहू ने सिक्किम भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें भाजपा के राज्य महासचिव अर्जुन राय भी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री साहू ने जनसंपर्क को सुदृढ़ करने और सिक्किम में अगली भाजपा सरकार के गठन के लिए निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर जुड़ाव, सेवा के प्रति प्रतिबद्धता और पार्टी के मूल्यों का पालन करते हुए जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री का यह दौरा क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने और स्थानीय शासन ढांचे को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो एक सशक्त, एकजुट और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 10 लाख, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस ने सात वर्ष पूर्व नौकरी लगाने का झांसा देकर एक महिला से 10 लाख ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जालसाज ने धमतरी की एक महिला को हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की थी, साथ ही ब्लैंक चेक दिया था, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। कौशल्या चंदेल की शिकायत पर पुलिस ने शंकरलाल साहू को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शंकरलाल अपने साथी रामाधार बंजारे के साथ मिलकर महिला को ठगी का शिकार बनाया था। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पहचान रामाधार तथा शंकर से हुई थी। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे दलित वर्ग के उत्थान के लिए काम करते हैं और उन्हें उनकी योग्यतानुसार सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे उनकी संस्था छत्तीसगढ़ हरिजन सेवा संघ को कुछ शुल्क उपलब्ध कराने पर हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवा देंगे। जालसाजों ने महिला से किस्तों में पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया।

**साढ़े तीन हजार प्रकरण में जब्त 18 हजार लीटर शराब को किया गया नष्ट**

## सवा करोड़ रुपए की शराब को बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

थानों के मालखाना में लंबे अरसे से कैद सवा करोड़ रुपए की शराब का शुक्रवार को माना थाना परिसर में जेसीबी से रौंदकर नष्टीकरण किया गया। शराब नष्टीकरण की कार्रवाई एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर की गई। शराब नष्टीकरण आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा, एएसपी कीर्तन सिंह राठौर, सीएसपी अमन झा की निगरानी में की गई।

जिले के ज्यादातर थानों के मालखाने की पहचान शराब यार्ड के रूप में होती है। मालखानों में अन्य जब्ती समान से ज्यादा शराब की बोतलें, जेरिकन तथा महुआ शराब बनाने में उपयोग आने वाले लाहन से भरा होता है। इसके चलते थानों में रिपोर्ट दर्ज कराने जाने वाले फरियादियों को नाक बंद कर रिपोर्ट दर्ज कराने मजबूर होता है। पुलिस ने जो शराब नष्टीकरण की है, वह आबकारी अधिनियम के तहत साढ़े तीन हजार से ज्यादा प्रकरणों में जब्त शराब है।



### परिसर में बह गई शराब

शराब नष्ट करने के पूर्व बोतलों को जमीन में चादर की तरह बिछाया गया। इसके बाद बोतलों पर जेसीबी चलाई गई। शराब की बोतलों में जैसे ही जेसीबी चलने लगी, चारों तरफ बोतल चटखने की आवाज आने के साथ थाना परिसर में शराब फैल गई और पूरा परिसर कांच के टुकड़ों से भर गया।

### देशी, विदेशी शराब के साथ बीयर नष्ट की गई

माना में जो शराब नष्ट की गई, उसमें 12 हजार 582 लीटर देशी शराब, 5 हजार 583 लीटर विदेशी शराब, 88 लीटर महुआ शराब, 427 लीटर बीयर की बोतल शामिल है। मालखाना से शराब खाली होने के बाद संबंधित थानों के टीआई के साथ ही सबसे ज्यादा राहत माल मुंशी को मिली है। नित शराब का हिसाब रखने में माल मुंशी को थाना के अन्य स्टाफ से ज्यादा परेशानी होती थी। साथ ही माल मुंशी शराब की गंध से परेशान होता था।

### पीएम मोदी ने किया मन की बात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का उल्लेख

# मोदी को भाया दंतेवाड़ा का साइंस सेंटर, साय ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण सुना। मुख्यमंत्री ने 'मन की बात' को जनजागरण और राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम बताते हुए कहा, यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का अद्वितीय मंच है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बार 'मन की बात' में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थापित विज्ञान केंद्र की विशेष रूप से सराहना की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा, प्रधानमंत्री हमेशा छत्तीसगढ़ की चिंता और बात करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री के विचार और संदेश आज पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। 'मन की बात' के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, सामाजिक पहल और सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुंचती है, जिससे पूरे समाज में जागरूकता और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है।



### किरण देव ने रायपुर ग्रामीण में सुनी मन की बात

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा में मन की बात कार्यक्रम सुना। विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदे साहू, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रवक्ता अमित साहू, निशिकांत पांडे सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रायपुर उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक–60 में मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुना, जहां प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, बूथ अध्यक्ष किरण सागर, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गंडेचा, वार्ड पार्षद कृतिका जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने बूथ क्रमांक-121, वीर शिवाजी वार्ड, गुढ़ियारी मंडल, रायपुर पश्चिम विधानसभा में कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश महामंत्री और नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने शंकरनगर में मन की बात का प्रसारण सुना।

बिलासपुर
सोमवार, 28 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 25, अंक : 37
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 39.3
न्यून. 24.2

### सजावटी पौधों से जगमगाएगा परिसर

नए विधानसभा परिसर को सजाने के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। यहां 33 हजार 750 सजावटी पौधे लगाए जाएंगे, ये पौधे जमीन पर लगेंगे। साथ ही पॉट (गमले) में 12 हजार सजावटी पौधे लगाए जाएंगे। जाहिर है, इतनी बड़ी संख्या में बड़े पेड़, लॉन और सजावटी पौधों के साथ विधानसभा परिसर पहले ही दिन से हरा-भरा नजर आएगा।

*10 फीट के पेड़ कुसुम, महुआ, सागौन, नीम और सल्फी के*

# 'हरियर' होगी नई विधानसभा, परिसर में 10 करोड़ का गार्डन 9 लाख वर्गफीट में लॉन, 6 हजार पेड़ और हजारों सजावटी पौधे

जिया कुरैशी ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ राज्य की नई विधानसभा नवा रायपुर अटल नगर में जल्द ही बनकर तैयार होने वाली है। यहां 10 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ा गार्डन बनाया जाएगा। खास बात ये है कि विधानसभा के उद्यान में पहले दिन से ही हरियाली होगी। वजह ये है कि यहां 6 हजार से अधिक 10 फीट ऊंचे पेड़ लगाए जाएंगे। 9 लाख वर्गफीट क्षेत्र में कोरियन कारपेट लॉन ग्रास( हरी घास) पसपालुम घास बिछाई जाएगी। परिसर में दो नए तालाब भी बनाए जाएंगे।

नवा रायपुर में नई विधानसभा का भवन तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है। इसके लिए विशालकाय सुसज्जित भवन का निर्माण अंतिम दौर में है। साथ ही अन्य आवश्यक संरचनाएं बनाई जा रही हैं, इसके साथ ही अब बारी है नई राजधानी को ⏭ शेष पेज 6 पर

- दो तालाब भी बनाए जाएंगे पहले दिन से यहां होगी हरियाली



### पहले दिन से ही नजर आएगी हरियाली

गार्डन बनाने की तैयारी से लगता है कि यहां विधानसभा का पहला सत्र शुरू होने के दिन से ही पूरे परिसर में हरियाली होगी। वजह ये है कि यहां बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगाए जाने हैं। यहां कोरियन कारपेट लॉन ग्रास 3 लाख वर्गफीट में और इससे दुगने यानी 6 लाख वर्गफीट में पसपालुम लॉन ग्रास लगाई जाएगी। इस गार्डन में बड़ी संख्या में 10 फीट ऊंचे पेड़ लगाए जाएंगे। इनमें कुसुम के 2300, महुआ के 900, साल के 1350, सागौन 2300, नीम के 650, सल्फी के 100 पेड़ शामिल होंगे।

### दो तालाबों का निर्माण सिंचाई सिस्टम भी

विधानसभा परिसर में हरियाली के साथ ही पेड़-पौधों के लिए पानी का इंतजाम करने करीब डेढ़-डेढ़ एकड़ क्षेत्र में दो तालाब भी खोदे जाएंगे। तालाब के पास बैठकर लोग ठंडी हवा ले सकें, इसके लिए तीन सीटर फैंसी चेयर 50 नग लगाई जाएंगी। साथ ही पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए पॉपअप इरीगेशन सिस्टम बनाया जाएगा, इसके 1400 सेट लगेंगे। 14 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई के लिए ड्रिप एरीगेशन से सिंचाई होगी। 500 मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम भी लगेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी वेव्स शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में पहले 'विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह चार दिवसीय कार्यक्रम है, जिसमें मीडिया और मनोरंजन जगत के दिग्गज शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मीडिया और मनोरंजन जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ बातचीत कर सकते हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

देश में मौसम के उतार-चढ़ाव से हर कोई परेशान, फसल प्रभावित होने की भी आशंका

# 10 राज्यों में बढ़ेगी गर्मी, रायपुर में जमकर बारिश, बिहार-कर्नाटक में ओले का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सामान्य जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। यह सिलसिला अभी कुछ दिन और जारी रहेगा। भारतीय मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में लू चल रही है। सुबह नौ बजे के बाद ही घरों से बाहर निकलना भारी हो गया है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ और बिहार के कई इलाकों में ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। इससे खरीफ पूर्व फसलें जैसे मक्का, ⏭ शेष पेज 6 पर

- दिल्ली में टूटा तीन साल की गर्मी का रिकॉर्ड

*देश के मौसम में असमान उतार-चढ़ाव बना हुआ है। उत्तर पश्चिम और इसके निकटवर्ती मध्य भारत के मैदानी इलाकों के 10 राज्यों में जहां भीषण गर्मी और लू का सितम बना हुआ है, वहीं पूर्वोत्तर, पूर्वी और उसके आसपास के मध्य भारत के क्षेत्रों में आंधी-तूफान, ओलावृष्टि और बारिश का कहर जारी है। इस बीच, रविवार शाम रायपुर में बादल घिर आए और जमकर बारिश हुई।*

### पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का अनुमान

पूर्वोत्तर भारत खासकर असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, दक्षिणी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। 27 अप्रैल को असम और मेघालय के कुछ क्षेत्रों में 204 मिमी या उससे अधिक वर्षा हो सकती है।



### छत्तीसगढ़ में आज भी गरज चमक के साथ बारिश संभव

मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 77 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका विदर्भ से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक निम्न दाब का द्रोणिका उत्तर प्रदेश से बंग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। छत्तीसगढ़ में 28 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना हैं। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, ओला वृष्टि होने और वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है।

# बाइक से टकराकर कुएं में गिरी वैन, 12 की मौत



एजेंसी ⏭ मंदसौर

मप्र के मंदसौर जिले में रविवार को तेज रफ्तार एक वैन, मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिर गई, जिससे बाइक सवार सहित 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक स्थानीय व्यक्ति भी शामिल है, जो लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरा था। यह हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। रतलाम रेंज के डीआईजी मनोज सिंह ने बताया कि वैन में 13 लोग सवार थे।

- बचाने गए ग्रामीण की भी मौत

### जहरीली गैस ने ली मनोहर की जान

कुएं में जहरीली गैस के कारण, बचाने गए मनोहर सिंह की भी मौत हुई है। उन्होंने 2-3 लोगों को बाहर निकाला था। मुझे जैसे ही घटना के बारे में पता चला, मैं सीधा यहीं आ गया। जिले के सारे अधिकारी भी यहीं हैं।

### तीन साल की बच्ची समेत तीन का रेस्क्यू

घायलों में शामिल 3 साल की बच्ची समेत तीन लोगों को रेस्क्यू करके मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार की पहचान आबाखेड़ी निवासी गोबर सिंह के तौर पर हुई है।



L&K | SAATCHI & SAATCHI

## चिंतन

# अत्यधिक गरीबी में कमी सुखद, पर चुनौती बाकी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहे भारत के लिए पहलगाम आतंकी घटना की पीड़ा के बीच गरीबी के मोर्चे पर सकारात्मक खबर आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच करीब दस वित्त वर्ष में भारत ने 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। गरीबी के खिलाफ भारत की यह बड़ी जीत है। सतत विकास व जनकल्याण योजनाओं के लगातार कार्यान्वयन से सरकार को अत्यधिक श्रेणी की गरीबी को कम करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी आई है, इससे पता लगता है कि देश में रोजगार से लेकर स्वरोजगार की स्थिति बेहतर हुई है और सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का असर पड़ा है। विश्व बैक की इस रिपोर्ट के अनुसार अब भारत निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में शुमार हो गया है। इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की हालिया 'पोवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 से 2022-23 तक के दशक में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 फीसदी हो गई। अत्यधिक गरीबी को प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर (लगभग 172 रुपये) से कम आय के रूप में परिभाषित किया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% हो गई और शहरी क्षेत्रों में 10.7% से 1.1% हो गई, जिससे ग्रामीण-शहरी अंतर 7.7 से 1.7 प्रतिशत अंक तक कम हो गया। ये 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। गावों और शहरों दोनों में अत्यधिक गरीबी में कमी आना दर्शाता है कि देश प्रगति पथ पर है। हालांकि अधिकांश राज्यों में गरीबी अभी भी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी चिंता का विषय है, स्वरोजगार की स्थिति कमजोर है, कई राज्यों की वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। लेकिन कुछेक राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश, 2011-12 में देश के 65% अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई कमी में योगदान दिया। हालांकि, ये राज्य अभी भी 54% अत्यधिक गरीब और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। अत्यधिक गरीबी कम होने में महिलाओं को मिले रोजगार की अहम भूमिका है। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। गरीबी पर नीति आयोग 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है। पिछले 9 सालों में 17.89% की कमी आई। यह आंकड़ा बेशक राहत देने वाला है, लेकिन अत्यधिक गरीबी और बहुआयामी गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इसमें मनरेगा, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। भारत के लिए लो मिडिल इनकम ग्रुप में से मध्यम मिडिल इनकम ग्रुप व हाई मिडिल इनकम ग्रुप के देशों में शामिल होने की चुनौती है। चूंकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, इसलिए गरीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।

## विश्व बैंक की रिपोर्ट

सुनील कुमार महला



# अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में महती प्रगति

पहलगाम आतंकी हमले की बहुत ही दुखद खबर के बाद हाल ही में विश्व बैंक से एक अच्छी खबर आई है। यह खबर ग़रीबी उन्मूलन पर है। गरीबी वास्तव में एक बहुत बड़ी व ज्वलंत समस्या है। यदि हम यहां गरीबी की साधारण परिभाषा की बात करें तो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन या संसाधनों की कमी होना, जैसे भोजन, कपड़े, और आवास ग़रीबी के अंतर्गत माना जाता है। ऐसी स्थितियों में एक आम आदमी को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है। अमूमन गरीबी को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है, जिनमें क्रमशः निरपेक्ष, सापेक्ष और बहु-आयामी गरीबी को मान सकते हैं। यदि निरपेक्ष गरीबी की बात करें तो एक निश्चित आय स्तर से नीचे होना इसमें आता है। वहीं सापेक्ष गरीबी समाज में अन्य लोगों की तुलना में गरीब होने को शामिल करती है तथा बहुआयामी गरीबी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के अभाव को शामिल करती है। बहरहाल, अच्छी खबर यह है कि 10 साल में भारत के 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है और इस दौरान यह दर 16.2 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत ही रह गई है। तात्पर्य यह है कि भारत में 171 मिलियन लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर जहां 2.8 प्रतिशत रह गई है, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत से घटाकर 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो सालाना 16 प्रतिशत की गिरावट है। दरअसल, 37.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है और यह काबिले-तारीफ है कि भारत ग़रीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दरअसल,वर्ल्ड बैंक की हालिया 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत के पांच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई की गिरावट में योगदान दिया है। हालांकि, अब भी इन राज्यों में भारत की 54 प्रतिशत अत्यधिक गरीब आबादी है और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2019-21 तक नॉन मोनेटरी गरीबी दर 53.8 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, रोजगार वृद्धि ने भी कामकाजी उम्र की जनसंख्या को पार कर लिया है तथा शहरों में बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है। युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। कृषि सेक्टर में रोजगार अब भी अधिकांश रूप से असंगठित है। हालांकि, स्वरोजगार और महिलाओं की रोजगार दर में वृद्धि हो रही है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। भारत की वैश्वीकरण नीतियों से देश विश्व व्यापार में शामिल हुआ है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है और ग़रीबी कम हुई है। सच तो यह है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी, रोजगार के नए अवसरों का सृजन, और भारत का निम्न-मध्यम आय वर्ग में कदम रखना, यह सब हमारे देश की प्रगति, इसके उन्नयन को ही दर्शाता है। सच तो यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ, फायदों की वृद्धि हुई, विदेशी निवेश बढ़ा, और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत हुई है। पिछले कुछ सालों से रोज़गार सृजन कार्यक्रम, आय समर्थन कार्यक्रम, रोज़गार गारंटी तथा आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे कार्यक्रमों से भारत विकास के सोपानों को लगातार छू रहा है। भारत में लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य की उपलब्धता हर गांव-ढाणी में सुनिश्चित हुई है। महिलाओं के सशक्तीकरण से आर्थिक असमानता दूर हुई है तथा पोषण और स्वच्छता कार्यक्रमों से हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। संसाधनों और सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होने से विकास को पंख लगे हैं। वास्तव में उच्चतम और निम्न-मध्यम आय वाली गरीबी में तेज गिरावट, साथ ही ग्रामीण-शहरी गरीबी के अंतर में कमी, भारत सरकार के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, रोजगार में वृद्धि, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और बहुआयामी गरीबी में कमी जीवन स्तर में व्यापक सुधार की ओर इशारा करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आतंक का करारा जवाब देना जरूरी



पहलगाम

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला किया, यह भारत जैसे तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है।

आतंकवाद से भारत की आत्मा को कुचलने की पहलगाम में क्रूर कोशिश की गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में इन आतंकवादी घटनाओं के बाद जो औपचारिकताएं की जाती रही हैं, उसको दुहराया गया है। सुरक्षा परिषद में सम्मिलित 15 देश विश्व को सन्देश देकर कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अन्तरराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा के लिए सबसे गम्भीर ख़तरों में से एक है, ऐसा कह दिया है। सुरक्षा परिषद ने इस 'निंदनीय आतंकी कृत्य' के दोषियों, इसे अंजाम देने वालों, उनकी वित्तीय मदद करने वालों और प्रायोजकों की जवाबदेही तय करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित भी किया। लेकिन सवाल यह है कि अब तक के आतंकवादी इतिहास के बाद ऐसे वक्तव्य कितने कारगर साबित हुए और क्या यहीं तक अब जिम्मेदारियां निभाने की रस्म काफी हैं?

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? निःसंदेह देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में पर्यटकों पर जो हमला किया और उसमें 26 लोगों को मार दिया गया, यह भारत जैसे मजबूत व तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है। यह जन हानि नहीं है, बल्कि यह भारत को चुनौती दी गयी है। हथियारबंद चरमपंथी कोई एक दिन की फसल नहीं हैं। ये वे नासूर हैं जो अपने हथियारों के साथ क्रूर खेल खेल गए। यह लोग नशे में चूर ऐसी कौम से आते हैं जो इंसानियत में न विश्वास करते हैं और न ही शांति, अमन-ओ-चैन में, इससे यह पता चला है। इन्हें जहां से भी खाद-पानी मिला है, वे पूरी सभ्यता के दुश्मन हैं, यह बात तो सिद्ध हो गयी है। पहलगाम में क्रूरता की सारी हदें पार करके धर्म, संस्कृति व अस्मिता को चोट पहुंचाकर इन लोगों ने भारत को भयभीत करने की मंशा से इस घटना को अंजाम दिया है लेकिन एक बात यह भी सही है, जो उन्हें समझना चाहिए कि आतंकवाद का सहारा लेने वाले सबसे बड़े कायर व भयभीत लोग हैं। सच यह है कि इन्हें न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सन्देश से कोई असर पड़ने वाला है, न ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के सन्देश से लेना-देना है। यह लोग सुधरने वाले भी नहीं हैं। भारत को ऐसे में क्या करना चाहिए, आज यह जटिल सवाल है। भारत ने ऐसे विपरीत समय में संयम से फिर भी काम लिया है। वह अगर एकतरफ़ा कार्रवाई पर विचार करे तो यह उसका अब नैतिक कर्त्तव्य के रूप में ही लिया जाना चाहिए। भोले-भाले लोगों को जो पर्यटन के लिए, अपना जीवन जीने के लिए जम्मू पहलगाम आए, उनका आना उनके जीवन का अंतिम अध्याय बन गया। ऐसे में सरकार यदि कोई कारगर कदम उठाए तो यह कार्रवाई निश्चय ही सभी देशों की ओर से समर्थन पाने का अधिकारी है। सवाल यह भी है कि आखिर भारत के बहुसंख्यक क्यों सहें? वे इतना विवश ही क्यों होकर जियें वो भी अपने ही देश में? वैसे देखा जाए तो चरमपंथी भले ही अपने मन को तसल्ली दे रहे हों, लेकिन कश्मीर का कितना आर्थिक नुकसान इन लोगों ने किया है, उसका अंदाज़ा भी नहीं है उन्हें। करोड़ों लोगों के आगमन का रास्ता उन्होंने रोक दिया। उभरती हुई कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था की भी उन्होंने इस नरसंहार के साथ हत्या कर दी। भारतीय भोली चेतना के ऊपर इसका गहरा असर हुआ है। यह वर्षों तक मानस पर बने रहने वाला है। असुरक्षा के भाव को निकालना किसी भी देश के लिए बहुत आसान नहीं है।




निःसंदेह भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा 370 में बदलाव के साथ जिस कश्मीर में बदलाव की उम्मीद की व तत्परता से इस क्षेत्र को नया परिवेश देने की कोशिश की उस पर इस घटना ने ग्रहण लगा दिया। यद्यपि यह तय है कि भारत सरकार अपनी प्रतिबद्धता से भारतीय मानस में पुनः विश्वास तो हासिल कर लेगी, लेकिन इसमें वक्त लगेगा। चरमपंथी व उनको सहयोग करने वाले लोगों को ज़रूर इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने अपने ही लोगों के बढ़ते व्यापार, आमदनी व उनकी खुशहाली के साथ क्या किया? उन्होंने कश्मीर के साथ क्या किया? उन्होंने अपने भारतीय भाइयों के साथ क्या किया जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद पुनः उनके साथ मिलजुलकर आगे बढ़ने का मन बना चुके थे? यह ठीक नहीं किया। आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान तो बिलकुल नहीं है। हिंसा सभी आने वाले अवसरों पर दुधारी तलवार की तरह होती है और आतंकवाद का तो सहारा लेने वाले आत्महंता होते हैं। इनके जैसा कोई कायर होता ही नहीं है। उन्होंने किसी मनुष्य को नहीं मारा है बल्कि खुद को मारा है लेकिन वे समझें तो समझें कैसे? भारत में सहिष्णुता को चोट पहुंचाने वाले, देश को तोड़ने वाले, देश में अस्थिरता पैदा करने वाले लोग सैकड़ों वर्षों से ऐसे क्रूर षड्यंत्र करते रहे हैं लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। उन्हें आगे भी सफलता नहीं मिलने वाली है। यदि कुछ बड़ा कदम भारत ने उठा लिया तो निश्चय ही वे लोग इसमें पिस जाएंगे जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। जो अपना जीवन शांति से जीना चाहते हैं, उनका अहित ज़रूर होगा। आखिर कोई भी देश कब तक ऐसी पिशाच शक्तियों के घृणित कार्य के सामने चुप बैठेगा? उसे कोई न कोई निर्णायक पहल करनी ही पड़ेगी। यह किसी सुरक्षा परिषद की निंदा से तो बात बनने वाली नहीं ही है।

हालांकि भारत ने बहुत आत्मनियंत्रित होकर वैश्विक शांति का पक्षधर होने की मिसाल प्रकट की है। यदि देश के वे लोग और पड़ोसी देशों के वे लोग जो इस आंच में किसी अहितकारी बुरे वक्त की आहट को समझ पा रहे हैं तो उन्हें इस पर ज़रूर विचार करना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को यहीं विराम मिले। यदि वे इसमें घी डालकर आग को और अधिक हवा देना चाहेंगे तो निश्चय ही इसमें धन, जन सबकी हानि होगी। ऐसे में आज जो परिस्थितियां हैं, वह बहुत ही विचित्र, वीभत्स और मनुष्यता के विपरीत हैं। इसे रोकना मानवाधिकारों व मनुष्यता में विश्वास करने वालों का दायित्व है। यद्यपि यह घटना अक्षम्य है लेकिन इसके एवज में यदि हिंसा का सहारा लेकर कार्रवाई हुईं तो उसमें केवल हानि ही हाथ लगेगी। जिनके परिवार के लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया और जिन परिवारों ने अपने सामने सबकुछ लुटते हुए देखा है, वह अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। जिस दिन इसे महसूस करके इस पर भी हमारा मन, मानस यह बात बिठा सका कि ऐसी पुनरावृति न हो, वह भी मनुष्यता की बड़ी जीत होगी। सहिष्णु भारत को आतंक की चोट करने वाले इससे निश्चय ही मात खायेंगे।

(लेखक महामहिम राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## शिकारा की सवारी



जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को डल झील में शिकारा की सवारी करते पर्यटक।

## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। - *मुकेश यादव, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### पीड़ितों को न्याय मिलेगा



पहलगाम में आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम् जवाब दिया जाएगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गंगा एक्सप्रेस-वे



इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकसित होने की आधारभूत शर्त होती है। आज जनपद हरदोई, शाहजहांपुर एवं हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### दोषियों पर कार्रवाई करें



यूपी में दलितों पर हमले तथा उनके मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय हैं। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व प्रभावी कदम भी उठाए।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### एआई का महत्व




हमारे न्यूज़फीड से लेकर बोर्डरूम तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को आकार दे रहा है। 2025 तक बाज़ार 250 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है, यह तो बस शुरुआत है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# सिंगापुर के लिटिल इंडिया को समेटा एक किताब में




सिंगापुर के 'लिटिल इंडिया' के इतिहास को एक किताब में समेटा गया है। इस जगह का इतिहास 1822 से शुरू होता है, जब यहां बसने वाले प्रारंभिक भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। लेखिका सौंदरा नायकी वैरावन ने रविवार को कहा, 'यह किताब 1822 में लिटिल इंडिया परिसर के मुख्य मार्ग सेरांगून रोड की स्थापना से लेकर आज तक का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार यह भारतीय मूल के लोगों के लिए वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।' भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो ने 187 पन्नों की कॉफी टेबल पुस्तक 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटी : थ्रू द एजेस' का शुक्रवार को संयुक्त रूप से विमोचन किया। सौंदरा ने बताया कि इसमें सेरांगून रोड के सामाजिक परिवर्तन, दुकानें, प्रारंभिक सामाजिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले त्योहार, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों का विवरण दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों और यहां आने वाले नियमित आगंतुकों के बारे में कहा, लिटिल इंडिया सिंगापुर में रहने वाली सभी मूल के लोगों के लिए खास स्थान है।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है।



लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# अब चारधाम यात्रा नहीं कर पाएंगे पाकिस्तानी हिंदू, भारत सरकार ने लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। इस वर्ष 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है।

### पाकिस्तानियों को निकाला जा रहा भारत से

पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं अन्य विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। अब तक 21 लाख लोगों का पंजीकरण अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था।

### 30 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है यात्रा



30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेलिकॉप्टर की सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

### 100 से अधिक देशों के लोगों ने कराया पंजीयन

वहीं अब पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का फैसला लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। इस साल 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

# सपा सांसद रामजी लाल के काफिले पर पथराव, बचने के चक्कर में भिड़ीं 10 गाड़ियां



एजेंसी ▶▶| आगरा

सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था जिसको लेकर अब भी सियासी गलियारों में विवाद छिड़ा हुआ है। इन सबके बीच सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर करणी सेना के युवकों ने हमला कर दिया। हमलवरों ने काफिले पर पत्थरबाजी की। हमले से बचने के लिए काफिले में मौजूद गाड़ियों को तेजी से भगाया गया, जिससे 10 गाड़ियां आपस में टकरा गई। घटना में कई लोगों को चोटें आई हैं।षबता दें कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन सपा डेलिगेशन एक दलित परिवार से मिलने के लिए बुलंदशहर जा रहा था। इसी दौरान काफिले पर करणी सेना के युवकों ने हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए काफिले तेजी से आगे बढ़ा और हादसे का शिकार हो गया।

**राणा सांगा को गद्दार कहने से भड़की है करणी सेना :** बता दें कि करणी सेना ने पहले ही सांसद सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए एक बयान को लेकर नाराजगी जताते हुए उनके काफिले पर हमले की धमकी दी थी। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई।

### काफिले पर फेंके टायर व पत्थर

पुलिस के अनुसार, सांसद सुमन दोपहर में आगरा से बुलंदशहर के लिए रवाना हुए थे। दोपहर 2 बजे काफिले के गोभाना टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर करणी सेना से जुड़े क्षत्रिय समाज के युवकों ने उन पर टायर और पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इससे कई गाड़ियों के शीटे टूट गए और कई आपस में टकरा गई। इसमें काफिले में शामिल कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आई है। पुलिस अब दोषियों की पहचान करने में जुटी है।

**हिरासत के चार दिन**

गर्भवती पत्नी पहुंची फिरोजपुर, भारत-पाक की तनातनी के बीच गलती से घुस गया था पाक सीमा में

# तीन फ्लैग मीटिंग के बाद भी पाक ने नहीं छोड़ा बीएसएफ जवान

*पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के संबंध तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। इस बीच भारतीय सीमा सुरक्षा बल का एक जवान गलती से सीमा पार कर पाकिस्तान में घुस गया था। पंजाब के फिरोजपुर में 23 अप्रैल को गलती से बॉर्डर क्रॉस करने पर पाकिस्तानी सेना ने बीएसएफ जवान को गिरफ्तार कर लिया था। इस गिरफ्तारी को अब 80 घंटे से अधिक बीत चुके हैं, तीन बार दोनों देशों के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग होने के बावजूद बीएसएफ जवान की रिहाई नहीं हो सकी है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल ने केंद्रीय गृह सचिव को पूरे घटनाक्रम और जवान की सुरक्षित वापसी के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी है। दरअसल 23 अप्रैल की दोपहर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन के कॉन्स्टेबल पूर्णम साहू किसानों के साथ ड्यूटी पर थे। बताया गया कि ड्यूटी के दौरान वे छांव में आराम के लिए आगे बढ़े, जिस कारण गलती से पाकिस्तानी सीमा में घुस गए। इस दौरान पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया। पाक सेना ने कहा- जवान की कोई जानकारी नहींभारत ने बीएसएफ जवान की वापसी के लिए ने तुरंत प्रयास शुरू कर दिए थे। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अब तक तीन फ्लैग मीटिंग हो चुकी हैं लेकिन जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है।

### पाक सेना ने जारी की जवान की फोटो

पाकिस्तानी सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने के वक्त साहू ड्यूटी पर थे। उनके साथ अपनी एके-47 राइफल, पानी की बोतल और दूसरा सामान था। पाकिस्तानी सेना ने जवान को हिरासत में ले लिया और सामान भी जब्त कर लिया। बाद में साहू की 2 फोटो भी जारी की गई, जिनमें से एक में उनकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई है और दूसरी में वे वर्दी पहने अपने सामान के साथ खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं।

### जवान को सीमा के बारे में नहीं था पता



बीएसएफ जवान पर्णब कुमार साहू को हिरासत में लिए जाने की खबर जैसे ही बीएसएफ के आला अधिकारियों को लगी वे फौरन मौके पर पहुंचे और पाकिस्तानी रेंजर्स से बातचीत शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि साहू की कुछ दिन पहले ही इस इलाके में तैनाती हुई थी, इसलिए उसे सीमा के बारे में पता नहीं था और गलती से सीमा पार कर गया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने साहू को रिहा करने से इनकार कर दिया।

### भारत-पाक के बीच 3 फ्लैग मीटिंग बेनतीजा

जवान साहू की रिहाई को लेकर भारत और पाकिस्तानी सेना के बीच 3 फ्लैग मीटिंग हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। एक अधिकारी ने कहा, पाकिस्तानी रेंजर्स ने सूचित किया है कि वे अपने आला अधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। बीएसएफ ने पाकिस्तान सैनिकों से एक और फील्ड कमांडर स्तर की बैठक की मांग की है। घटना की पूरी जानकारी केंद्रीय गृह सचिव को भी दी गई है।

### जवान की गर्भवती पत्नी कश्मीर के लिए निकली

बीएसएफ जवान पूर्णम साहू पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी रजनी 3 महीने की गर्भवती हैं और पति की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही उनका रो-रोकर बुरा हाल है। रजनी अपने पति के बारे में और जानकारी जुटाने के लिए पश्चिम बंगाल के हुगली से फिरोजपुर व कश्मीर के करीब 2,000 किलोमीटर लंबे सफर पर निकल पड़ी हैं। उनके साथ उनके परिजन भी हैं। रजनी का कहना है कि वे पठानकोट स्थित बीएसएफ कैंप भी जाएंगी।

### पत्नी बोली- पीएमओ जाकर करूंगी अपील

रजनी ने कहा, उनके सहकर्मी ने फोन पर बताया कि उन्हें पकड़ लिया गया है। चार दिन बीत चुके हैं और उनके बचाव का कोई संकेत नहीं मिला है। मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान में उन्हें खाना-पानी मिल रहा है या नहीं। मैं जानती हूं कि पठानकोट जाकर भी हो सकता है कि जानकारी न मिले।

# दिल्ली में आग से 800 झुग्गियां खाक दो बच्चे जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के रोहिणी स्थित सेक्टर-17 की झुग्गियों में रविवार को भीषण आग लग गई। इससे एक के बाद एक कई सिलेंडरों में धमाके हो गए। इस हादसे में तीन व चार वर्ष के 2 बच्चों सादिया व आलम की मौत हो गई और करीब 800 झुग्गियां जलकर राख हो गई। इसके अलावा आग से कई पेड़ भी झुलसे हैं। सूचना पर दमकल विभाग की 26 गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए के लिए मौके पर पहुंची हैं। गुस्साए लोगों ने एक दमकल का शीशा भी फोड़ दिया। मौके पर 26 से अधिक दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। पीड़ितों ने बताया कि आग लगने से कबाड़ गोदाम और राशन की दुकानें भी जल गई। लोगों के लाखों के गहने, जरूरत का सामान और नकदी जलकर राख हो गई। अभी तक पुलिस के अलावा प्रशासन की ओर से कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा है। पीने के पानी का इंतजाम तक किसी ने नहीं कराया

■ रोहिणी के सेक्टर-17 में अग्निदुर्घटना

**दमकल के देरी से पहुंचने पर तोड़फोड़ :** पीड़ित परिवारों का आरोप है कि आग लगते ही दमकल विभाग को सूचना दे दी गई थी, उसके बाद भी दमकल करीब 45 मिनट देरी से मौके पर पहुंची। इसके चलते आग ने अन्य झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने एक दमकल का शीशा भी फोड़ दिया।

### एक के बाद एक सिलेंडर ब्लास्ट

दिल्ली पुलिस के अनुसार, दोपहर में एक झुग्गी में अचानक आग लगी थी। उसने पास की झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे झुग्गियों में रखे गैस सिलेंडरों में धमाके होने से आग अन्य झुग्गियों तक पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में सादिया (3) और आलम (4) की झुलसने से मौत हो गई। इसी तरह करीब 800 झुग्गियां जलकर राख हो गई। इलाके में चारों ओर धुंए के गुबार नजर आ रहा था।


# BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Computer Science/IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design)
**M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Three Year Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$**
**B.Sc.** (Data Science)/**B.Sc.** (Data Science) Hons.
**M.Sc.** (Computer Science)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**M.Sc.** (Physics)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**
**B.Arch.+**

**LAW**
**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology)
**B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated) | BSW | M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

**AVIATION**
**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**
**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**
**B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle)#, **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
**30 April, 2025**

### SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

### Enquiries can be made at

- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

### How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

### Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at **http://www.banasthali.org**
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 29 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,545 करोड़ रुपये रहा है।

### विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ पहुंचा




**नई दिल्ली।** रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया।

### एथर एनर्जी ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1340 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी 28 अप्रैल को अपना 2,981 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसका मूल्य दायरा 304-321 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एथर एनर्जी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा करेगी एसएमएल इसुजु का टेकओवर, 555 करोड़ होंगे निवेश

**महिंद्रा ने 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी के टेकओवर के लिए ओपन ऑफर भी लाएगी। इस डील की जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सभी के साथ साझा किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा इस डील के तहत एसएमएल के प्रमोटर सुमितो कॉरपोरेशन से 43.96 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी। वहीं, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के पब्लिक शेयर होल्डर्स से कंपनी 15 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

- कंपनी 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए करेगी खर्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा को इसके बाद 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदना ही होगा। सेबी के नियमों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा को अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाना होगा।

### महिंद्रा के शेयर एक साल में 36 फीसदी चढ़े

शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2862.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 36 प्रतिशत की तेजी आई है। अब सोमवार यानी कल कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे।




### दिग्गज कंपनी है एसएमएल इसुजु

एसएमएल इसुजु एक स्थापित और लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी की मौजूदगी देश भर में है। एसएमएल इसुजु आईएलसीवी सेगमेंट में एक लीडिंग कंपनी है। बस सेगमेंट में एसएमएल इसुजु की कुल हिस्सेदारी 16 प्रतिशत की है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 2196 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, इबिडाटा इस दौरान 179 करोड़ रुपए रहा था।

### महिंद्रा की पोजीशन होगी मजबूत

इस प्रस्तावित अधिग्रहण से महिंद्रा एंड महिंद्रा की 3.5 टन कॉमर्शियल सेगमेंट में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। मौजूदा समय में महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में 3 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 3.5 टन एलसीवी सेगमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का कहना है कि इस अधिग्रहण के बाद उनका मार्केट शेयर 6 प्रतिशत हो जाएगा।

### पिछले आठ वर्षों में 18 पीएसयू कंपनियां हुई सूचीबद्ध

# सीपीएसई के आईपीओ निवेशकों को आठ साल में बंपर रिटर्न मिला, मझगांव डॉक सबसे ऊपर

**सार्वजनिक क्षेत्र की 15 कंपनियों ने दिया बंफर रिर्टन**
**डॉक शिपबिल्डर्स ने निवेशकों को 37 गुना अमीर बनाया**
**लाभ देने में पोत और रेल विकास निगम सबसे आगे रहे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में सूचीबद्ध 18 सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 15 ने बंपर रिटर्न दिया है। इनमें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स सबसे ऊपर है, जिसने निवेशकों को 37 गुना तक अमीर बनाया।

विश्लेषण से पता चलता है कि बीमा कंपनियों को छोड़कर, मई 2017 से सूचीबद्ध सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने निवेशकों को सकारात्मक प्रतिफल दिया। इनमें विशेष रूप से पोत परिवहन और रेल क्षेत्रों की कंपनियां सबसे आगे रहीं।




### आईआरसीटीसी ने दिया 1000 प्रतिशत रिटर्न

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने आईपीओ निवेशकों को 1,000 प्रतिशत से अधिक का प्रतिफल दिया।

### आईआरसीटीसी बढ़कर 3872 पहुंचा

रेलवे सीपीएसई में, आरवीएनएल ने 1,866 प्रतिशत का प्रतिफल दिया। कंपनी का शेयर 2019 में 19 रुपये के आईपीओ मूल्य से बढ़कर इस समय 373.6 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह आईआरसीटीसी के शेयर 2019 में 320 रुपये से बढ़कर 3,872.75 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।

### एचएएल ने भी दिया अच्छा रिटर्न

रक्षा क्षेत्र के सीपीएसई - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने आईपीओ निवेशकों को क्रमशः 605 प्रतिशत और 558 प्रतिशत का प्रतिफल दिया।

### रेलवे का प्रदर्शन रहा बेहतर




क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि रेलवे और पोत परिवहन सीपीएसई ने अन्य क्षेत्रों के सीपीएसई से बेहतर प्रदर्शन किया है। मझगांव डॉक 2020 में 145 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। दिसंबर 2024 में शेयर विभाजन के बावजूद 22 अप्रैल, 2025 को यह 5,510.2 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।




*इरेडा 458 प्रतिशत चढ़ा : भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के शेयर 2023 में 32 रुपये के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए और 458 प्रतिशत बढ़कर 178.6 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान न्यू इंडिया एश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) के शेयरों में गिरावट हुई।*

**कोचीन शिपयार्ड 2017 में हुआ सूचीबद्ध :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 2018 में 118 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। इस समय शेयर की कीमत 1,733.9 रुपये प्रति शेयर है। कोचीन शिपयार्ड 2017 में सूचीबद्ध हुआ था। इसका शेयर 432 रुपये के आईपीओ निर्गम मूल्य से बढ़कर 2,979.7 रुपये पर है। यह प्रतिफल शेयर विभाजन के बावजूद है।



# एआई का मतलब कौशल विकास, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस



- कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी।

कृष ने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ़ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। कृष ने कहा, "इसलिए मुझे लगता है कि इसे नौकरी घटने के नजरिए से देखना गलत है और यह कौशल विकास का एक अवसर है।"

### काम की प्रकृति भिन्न होगी

कृष ने कहा कि एआई मौजूदा तकनीक का विस्तार करेगा, लेकिन इसके जरिये किए जाने वाले काम की प्रकृति भिन्न होगी।

## नोकिया इंडिया ने वीआईएल में एक फीसदी हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में 786 करोड़ रुपये में बेच दी। नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने 102.70 करोड़ शेयर बेचे, जो वोडाफोन आइडिया में 0.95 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर औसतन 7.65 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर बेचे गए, जिससे कुल सौदे की कीमत 785.67 करोड़ रुपये हो गई।

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## रिलायंस ने सौर ऊर्जा विनिर्माण की अपनी पहली इकाई शुरू की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- 10 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य
- कंपनी जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौर पैनलों के निर्माण के लिए अपनी पहली इकाई चालू कर दी है और बैटरी भंडारण उत्पादन सुविधाओं का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

कंपनी ने निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति में यह जानकारी दी। रिलायंस ने 2021 में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और हाइड्रोजन को कवर करते हुए 10 अरब डॉलर की योजना का अनावरण किया था क्योंकि इसने 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति का अनुसरण कर रही है। रिलायंस भारत का सबसे बड़ा समूह है, जो तेल और पेट्रोकेमिकल्स से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक में सक्रिय है। शुक्रवार को पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की आय की घोषणा करते हुए एक निवेशक प्रस्तुति पोस्ट में रिलायंस ने कहा, "सौर पीवी मॉड्यूल की पहली लाइन चालू हो गई है। उद्योगपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित यह कंपनी अदाणी समूह, टाटा, वारी एनर्जी और विक्रम सोलर जैसी कंपनियों में शामिल हो गई है जो सौर पीवी मॉड्यूल बनाती हैं। सरकार ने जून, 2026 से सभी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को स्थानीय स्तर पर उत्पादित सेल से बने सौर पीवीजेड मॉड्यूल का उपयोग करने का आदेश दिया है, ताकि चीनी आयात पर निर्भरता कम की जा सके और घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा सके।

### तीन प्रकार के सेल का होगा उत्पादन

घरेलू सौर पैनल विनिर्माण भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। रिलायंस गुजरात के जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही है।

# पोटाश खनन में हिंदुस्तान जिंक के उतरने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) पोटाश खनन में उतरने की योजना बना रही है और राजस्थान में एक ब्लॉक पर नज़र गड़ाए हुए है, जिसमें लिथियम भंडार होने की भी अच्छी संभावना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत पोटाश के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है और इसे कम करने के तरीकों की खोज कर रहा है। भारत का पोटाश आयात मुख्य रूप से रूस, कनाडा, बेलारूस और इज़राइल जैसे देशों से आता है। कंपनी मूल धातुओं- जस्ता और सीसा और कीमती धातु चांदी के साथ-साथ सभी महत्वपूर्ण खनिजों से परे विस्तार करने की योजना बना रही है जो कंपनी के लिए रणनीतिक हित में हैं। हिंदुस्तान जिंक को राजस्थान में दुगोचा गोल्ड ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कीमती धातुओं के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ। "हम सभी महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार करेंगे, जो भी हमारे लिए रणनीतिक हित में है, जिसमें न केवल खनिज शामिल हैं, बल्कि पोटाश भी शामिल है। ... पोटाश राजस्थान में है... (वहां) लिथियम के साथ जुड़ने की भी संभावनाएं हैं (पोटाश ब्लॉक में)। इसलिए हम इस पर विचार करेंगे।"



- वेदांता समूह की कंपनी है हिंदुस्तान जिंक
- राजस्थान में एक ब्लॉक पर नजर गड़ाए हुए है

### कंपनी सभी खनिज ब्लॉकों के नीलामी में भाग लेगी

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को आंध्र प्रदेश में बालेपालयम टंगस्टन ब्लॉक आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी देश में होने वाले सभी खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भाग लेने पर विचार कर रही है।

## नेफेड की बिकवाली जारी रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई जबकि विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने से बाकी सभी तेल-तिलहनों में सुधार देखने को मिला। मंडियों में आवक कम रहने और सुस्त कारोबारी गतिविधियों के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नेफेड की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कमजोर हाजिर दाम पर सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए।


## डिक्सन इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करेगी और निर्यात पर विचार करने से पहले उन्हें निजी जरूरतों के लिए उपयोग करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सरकार द्वारा शुरू की गई 23,000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के विनिर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के बारे में बात करते हुए डिक्सन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अतुल लाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा कंपनी के लिए विकास का अगला चरण है।


## शब्द पहेली - 5850



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति, चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -5849 का हल**



## सूडोकु नवताल 5860

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5859 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# पांच सबसे खतरनाक रेल मार्ग, यात्रा के दौरान आपके खड़े हो जाएंगे रोंगटे



### सल्टा पोलवेरिलो ट्रैक

यह रेल मार्ग अर्जेंटीना-साल्टा को चिली पोलवेरिलो से जोड़ता है। 217 किमी लंबा यह रेल मार्ग अर्जेंटीना में बना है। साल 1948 में इस रेल मार्ग को खोला गया था। इसका निर्माण कार्य 27 सालों तक चला था। यह रेल मार्ग 4,200 की ऊंचाई पर स्थित है। यात्रा के दौरान ट्रेन 29 पुलों और 21 सुरंगों को पार करती है।

**टोक्यो।** अधिकतर लोग ट्रेन से यात्रा करना पसंद करते हैं। ट्रेन यात्रा के लिए ट्रेन आरामदायक और सस्ता परिवहन है। इसके साथ ही कई रूटों पर ट्रेन से यात्रा करना रोमांचित करने वाला होता है। ट्रेन से पहाड़, जंगल और नदियों समेत कई प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही दुनिया में कई ऐसे रेल रूट हैं जिन पर यात्रा के दौरान डर भी लगता है। आज हम आपको कुछ रेलमार्गों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां से लोगों को यात्रा करने में डर लगता है। इन रेलमार्गों को दुनिया का सबसे खतरनाक रेलमार्ग माना जाता है।

## जहां लोगों को यात्रा करने में लगता है डर



### इक्वाडोर का डेविल्स नोज

यह रेल रूट समुद्र तल से नौ हजार फीट की ऊंचाई पर है। इस रेल मार्ग का निर्माण करीब 33 साल में पूरा हुआ था। यह 1872 में बनना शुरू हुआ और 1905 में बनकर तैयार हो पाया। पहाड़ की वजह से होने वाली समस्याओं को दूर के लिए सरकार ने इसका निर्माण कराया था। यह दक्षिण अमेरिका में इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना है।

### आरगो गेडे रेलमार्ग

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से बैनडंग के बीच चलने वाली रेलगाड़ी एक बेहद ऊंचे और खतरनाक पुल से होकर गुजरती है। इसे आरगो गेडे रेलमार्ग कहा जाता है। इस पुल के दोनों तरफ बाड़े नहीं लगे हैं, जिससे यह और भयानक लगता है। यही वजह है कि इस पुल से गाड़ी गुजरते ही यात्रियों की सांसें अटक जाती हैं। डरकर कुछ यात्री चीखने भी लगते हैं। लेकिन, इस डर के अलावा पुल से नीचे अगर देखें तो काफी शानदार नजारा दिखता है।



### दक्षिण अफ्रीका में केप टाउन मार्ग

दक्षिण अफ्रीका के एक रेल मार्ग पर यात्रा करने से लोग डरते हैं। केप टाउन रेलवे ट्रैक चोरी और हमलों की वजह से जाना जाता है। केप टाउन रेल मार्ग पर ट्रेनों में अक्सर चोरी और हमले की घटनाएं होती रहती हैं। इन हमलों और चोरी की वजह से हर दिन कोई न कोई ट्रेन रद्द की जाती है।

### एसो मियामी मार्ग

जापान में अलास्का से व्हाइटहॉर्स, युकोन बंदरगाह को जोड़ने वाला व्हाइट पास और युकोन रेल मार्ग रोमांच से भरा हुआ है। इस रेल मार्ग में आपको प्रकृति की सुंदरता देखने को मिलती है। इस रूट पर ट्रेन तीन हजार फुट की चढ़ाई करती है जो काफी डरावना होता है। इसलिए यह रूट खतरनाक माना जाता है।

## रोचक खबरें



## छोड़ी पीएचडी, शुरू किया अजीब बिजनेस, शादियों में पालतू कुत्तों को लगी संभालने!

**बेलफास्ट।** आजकल बिजनेस करने का लोगों को ऐसा शौक चढ़ा है कि वो अच्छी खासी नौकरियां या कॉलेज की डिग्रियां छोड़कर बिजनेस करने में उतारू हो जा रहे हैं। ऐसा ही शौक एक आयरलैंड की लड़की को भी लगा. इस वजह से उसने अपनी पीएचडी की डिग्री बिना पूरी किए बिजनेस शुरू कर दिया. बिजनेस भी इतना अजीब है कि भारत में कोई सुनेगा तो मजाक ही उड़ाएगा। लड़की अब शादियों में दूल्हा-दुल्हन के पालतू कुत्तों को संभालती है और बदले में फीस चार्ज करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार बेलफास्ट की रहने वाली 26 साल की रेबेका मैकब्राइड ने 2023 में पीएचडी को बीच में ही छोड़ दिया था। वो बायोलॉजी से पीएचडी कर रही थीं। उसके बाद उन्होंने अपना बिजनेस शुरू किया। वो अब शादियों में दूल्हा-दुल्हन के पालतू कुत्तों को संभालती हैं। विदेशों में जब लोग शादी करते हैं, तो वो चाहते हैं कि उनके पालतू कुत्ते भी उस दौरान उनके साथ रहें, पर ऐसे फंक्शन्स में, जहां भीड़भाड़ होती है, जानवर काफी परेशान हो जाते हैं। रेबेका उन्हीं कुत्तों की देखरेख करती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि वो एक कुत्ते के लिए 400 डॉलर (34 हजार रुपए) तक चार्ज करती हैं। वो कुत्तों को शादी वाले दिन के लिए तैयार करती हैं, उन्हें वेडिंग फोटोज में साथ खड़ा करने के लिए उन्हें शांत कराती हैं, ये सुनिश्चित करती हैं कि कुत्ते किसी को ज्यादा परेशान न करें और खुद भी ज्यादा परेशान न हों।

## सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पोस्ट हैं शार्क के बढ़ते हमलों के लिए जिम्मेदार

**पेरिस।** दुनिया में कई जगह समुद्र किनारे पर शार्क पाई जाती हैं। पिछले कुछ समय से शार्क के इंसानों पर हो रहे हमले भी बढ़ रहे हैं। पर इन सबके लिए जिम्मेदार कौन है? एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि शार्क के काटने और सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पर इन जीवों को छूने के लिए जिस तरह के संदेश दे रहे हैं, दोनों में संबंध है। शोध में दावा किया गया है ज्यादातर मामलों में शार्क इंसानों के दखल देने के बाद केवल आत्मरक्षा में काम करती हैं। रिसर्च सीधे सीधे सवाल उठा रही है कि सेलिब्रिटी अपने वीडियोज़ और सेल्फी के जरिए लोगों को भी उकसा रहे हैं कि उन्हें भी इसी तरह की सेल्फी लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। वहीं, वैज्ञानिक इस कोशिश को गलत ठहरा रहे हैं और जोखिम भरा बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह इंसानों के लिए खतरनाक तो है ही, खुद शार्क के लिए भी ठीक नहीं है।



**गलत जा रहा है संदेश :** फ्रांस की पीएसएल यूनिवर्सिटी के एरिक क्लूआ ने इस रिसर्च की अगुआई की है। उन्होंने साफ कहा, 'जैसा कि बहुत सारे इन्फ्लूएंसर्स सोशल मीडिया पर कर रहे हैं, मैं उन्हें प्रोत्साहित नहीं करता हूं. वे किसी शार्क की पीठ के पंख से लटकते हैं उसे छूते हैं, उसे सहलाते हैं। वे यह साबित करना चाहते हैं कि शार्क नुकसान नहीं पहुंचा सकती और वे शार्क के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।'

## 31400000 रुपए में बिका 113 साल पुराना खत लिखी थी टाइटैनिक जहाज की भविष्यवाणी

**लंदन।** टाइटैनिक जहाज के एक यात्री का लिखा हुआ एक पत्र ब्रिटेन में नीलामी में रिकॉर्ड दाम पर बिका है। कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी का यह पत्र एक गुप्त खरीदार ने 3.41 करोड़ रुपए (300,000 पाउंड) में खरीदा। यह नीलामी रविवार को इंग्लैंड के विल्टशायर में 'हेनरी एलड्रिज एंड सन' नीलामी घर में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पत्र की शुरुआती अनुमानित कीमत करीब 60,000 पाउंड थी, लेकिन यह पांच गुना ज्यादा दाम में बिका। इस पत्र को 'भविष्यवाणी जैसा' कहा जा रहा है, क्योंकि इसमें कर्नल ग्रेसी ने अपने एक दोस्त को लिखा था कि 'ये जहाज तो अच्छा है पर इसके बारे कोई फैसला लेने से पहले अपनी यात्रा खत्म होने का इंतजार करेंगे।' यह पत्र 10 अप्रैल 1912 को लिखा गया था, उसी दिन जब कर्नल ग्रेसी टाइटैनिक पर सवार हुए थे। पांच दिन बाद, जहाज उत्तरी अटलांटिक महासागर में एक हिमखंड से टकराकर डूब गया था। इस हादसे में करीब 1,500 लोगों की जान चली गई थी। बचने के बाद कर्नल ग्रेसी ने 'द ट्रुथ अबाउट द टाइटैनिक' नामक एक किताब लिखी थी, जिसमें उन्होंने हादसे का अपना अनुभव साझा किया था। उन्होंने बताया था कि कैसे वह ठंडे पानी में एक पलटी हुई लाइफबोट पर चढ़कर बच पाए थे। हालांकि, लाइफबोट पर पहुंचने वाले कई लोग ठंड और थकावट से मर गए थे। कर्नल ग्रेसी इस हादसे में तो बच गए थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य काफी बिगड़ गया। बाद में वे कोमा में चले गए और 4 दिसंबर 1912 को मधुमेह (डायबटीज) से जुड़ी परेशानियों के कारण उनका निधन हो गया।



# दुनिया की इन जगहों पर इंसानों के जाने पर है रोक, भारत में भी एक स्थान

**न्यूयार्क।** दुनिया में घूमने वाले लोगों की चाहत होती है कि वह धरती की हर जगह पर जाएं। लोग खूबसूरत समुद्री तट, पहाड़ों पर, भूतिहा जगह और रहस्यमयी जगहों पर भी जाना चाहते हैं। दुनियाभर में कई खूबसूरत जगहे हैं, जहां पर हर साल हजारों लोग घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन हम आपको आज कुछ ऐसी जगहों के बारे बताते हैं, जहां पर पर्यटकों के जाने पर रोक है। इनमें एक स्थान भारत में भी है।

### स्वालबार्ड ग्लोबल सीड वॉल्ट

नॉर्वेजियन आर्कटिक के पर्माफ्रॉस्ट में स्वालबार्ड ग्लोबल सीड वॉल्ट स्थित है। यहां पर भविष्य में दुनिया में होने वाली विनाशकारी घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए पौधों के बीजों को संरक्षित करने का एक वैश्विक भंडार है। इसका उद्देश्य जैव विविधता की रक्षा करना है। इस जगह पर आम लोगों के जाने की अनुमति नहीं है।

### एरिया-51

अमेरिका के नवादा में रेगिस्तान के बीच स्थित एरिया-51 एक खुफिया जगह है। इस जगह के बारे में तरह-तरह के दावे किए जाते हैं। एरिया-51 में किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है। यहां पर हमेशा कड़ी सुरक्षा रहती है। कुछ कांस्पिरेसी





थ्योरी में दावा किया जाता है कि अमेरिका ने एरिया-51 में एलियन को कैद रखा है। बताया जाता है कि यहां अमेरिका एलियन पर प्रयोग कर रहा है। इस जगह के बारे में अमेरिका के लोगों को भी नहीं पता था, लेकिन साल 2013 में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने पहली बार दुनिया को एरिया-51 के बारे में बताया। एरिया 51 को आधिकारिक तौर पर मिलिट्री टेस्टिंग साइट और एयरफोर्स फैसिलिटी सेंटर के रूप में जाना जाता है।

## अमेरिका ने एरिया-51 में एलियन को कैद रखा है



### चेर्नोबिल

वर्तमान समय में यूक्रेन एक युद्ध क्षेत्र बना है और ऐसे में दूसरे देशों के लोग यहां नहीं जा रहे हैं। लेकिन यूक्रेन का चेर्नोबिल अपवर्जन क्षेत्र 1986 की परमाणु आपदा की जगह होने की वजह से धरती की सबसे प्रसिद्ध निषिद्ध जगहों में से एक है। लंबे समय तक विकिरण की वजह से यहां के सबसे ज्यादा प्रदूषित जगहों पर लोगों को जाने की अनुमति नहीं है।
**स्नेक आइलैंड :** ब्राजील के तट पर 'इल्हा दा क्यूइमाडा ग्रांडे' एक छोटा सा भूभाग है। इस स्थान को आमतौर पर स्नेक आइलैंड के नाम से जाना जाता है। यहां पर बहुत जहरीले सांप पाए जाते हैं। सांपों की वजहों से यह जगह खतरनाक स्थानों में शामिल है। ब्राजील की सरकार ने लोगों और सांपों की इस दुर्लभ प्रजाति की सुरक्षा के लिए इस द्वीप पर लोगों के जाने पर बैन लगा दिया है।




### सेंटिनल द्वीप

भारत के उत्तर सेंटिनल द्वीप पर बाहरी लोगों के जाने की सख्त मनाही है। अंडमान के उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर नेग्रिटो समुदाय के लोग रहते हैं। इनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है और यह पूरी तरह से अलग-थलग रहते हैं। उत्तरी सेंटिनल द्वीप सेंटिनली जनजाति की मूल जनजाति का घर है। यह स्थान एक संरक्षित क्षेत्र है। जनजाति की जीवनशैली और बाहरी लोगों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए यहां पर जाने की इजाजत नहीं है।

# इंसान को कमजोर करना शुरू कर दिया है एआई, 10 साल में हो जाएगा हावी

**लंदन।** हर कुछ दिन में हम सुनते हैं कि आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जल्दी ही इंसानों को पीछे छोड़ कर उन पर हावी तक हो जाएगी। कुछ लोग इस बारे में अनुमान भी लगाते पाए जाते हैं कि ऐसा कब होगा। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि एआई तेजी से इंसानों को मंदबुद्धि या मूर्ख बना कर रहेगी। उनकी दलील है कि एआई दिमाग चलाने वाले बडे बड़े कामों को अपने हाथ में ले रही है और इससे हम इंसान सोचने की काबिलियत खोते चले जा रहे हैं और जल्दी ही ऐसा वक्त आएगा कि एआई इंसानों को बेकार कर देगी और ऐसा केवल एक दशक में हो जाएगा।



### केवल देखते रह जाएगा इंसान

वैज्ञानिकों को कहना है कि एआई तेजी से ज्यादा से ज्यादा बुद्धिमान होती चली जा रही है। लेकिन इंसान केवल इसे देखते रह जाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकेंगे. एक्सपर्ट्स ने पाया है कि इंसान अपनी दिमागी ताकत खो रहे है, जैसे जैसे हम जनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई अब बिना इंसानी दखल के नया कटेंट तक बना सकता है।
**हर साल बुद्धि में कमजोर होते जा रहे हैं हम :** वैज्ञानिकों ने प्रोफेसर जेम्स फ्लिन के नाम पर फ्लिन प्रभाव का जिक्र किया है। उन्होंने पाया था कि पीढ़ी दर पीढ़ी इंसान बुद्धिमत्ता परीक्षणों में ज्यादा अंक लाते जाते हैं, पर यह चलन अब पलट रहा है। ज्यादा बुद्धिमान होने और आईक्यू टेस्ट में ज्यादा स्कोर करने की जगह हम अब लगातार कम अंक ला रहे हैं और ये स्कोर हर साल कम होता जा रहा है।

### घटता जा रहा है आईक्यू

वैज्ञानिकों को कहना है कि बीचे तीन दशकों से हमारा आईक्यू स्कोर लगातार गिर रहा है। ऐसा तब से है जब से इंटरनेट आया है, बल्कि 1949 में जब से इस तरह के टेस्ट शुरू हुए हैं। हाल का स्कोर सबसे कम है। नोबेल पुरस्कार विजेता और गूगल डीपमाइंड के सह संस्थापक सर डेमिस हसाबिस तो यह तक कह रहे हैं कि हो सकता है कि इंसान अगले एक दशक में ही बेकार साबित होने लगेंगे।



### कमजोर हो गई है इंसानी बुद्धि

अध्ययन बताते हैं कि एआई पर निर्भरता बढ़ रही है, जबकि आईक्यूस्कोर घटता जा रहा है। हमारी आलोचनात्मक सोच और ध्यान देने क्षमता दोनों मे कमी देखने को मिल रही है, क्योंकि इंसान सीखने की क्षमताओं और विशेषज्ञताओं से वंचित हैं। कॉर्नेल यूनिर्सिटी के मनोविशेषज्ञ रॉबर्ट स्टैमबर्ग का कहना है कि एआई ने पहले ही मानव बुद्धिमत्ता को कमजोर कर दिया है। स्विट्जरलैंड में कोल्टन के एसबीएस स्विस बिजनेस स्कूल के माइकल गेरलिटच ने 666 ब्रिटिश नागरिकों की आलोचनात्मक सोच का परीक्षण किया और पाया कि एआई का इस सोच से गहरा नाता है। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया का ओलोचनात्मक सोच पर बहुत ज्यादा असर पड़ा है।

## इन जगहों पर महीनों नहीं डूबता है सूरज रात में दिखता है अनोखा नजारा



**लंदन।** दुनिया में एक पूरा दिन 24 घंटे का होता है। इसमें 12 घंटे का दिन और इतने ही घंटे की रात होती है। प्रकृति का नियम है कि दिन के बाद रात होती है और रात के बाद दिन होता है। हम में से ज्यादातर लोगों को लगता है कि पूरी दुनिया में यही नियम है। लेकिन धरती पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर महीनों तक सूर्य अस्त नहीं होता है और रात नहीं होती है। दुनिया की इन जगहों पर सूर्य 70 दिन से अधिक नहीं डूबता है। यह जानकर आपको हैरानी हो रही होगी।

**नार्वे :** नार्वे आर्कटिक सर्कल में स्थित है जिसे लैंड ऑफ मिडनाइट सन भी कहा जाता है। इस देश में मई महीने से लेकर जुलाई महीने के आखिरी तक सूर्य अस्त नहीं होता है। यहां पर लगातार 76 दिनों तक रात नहीं होती है और दिन रहता है। इस देश में स्वालबार्ड में भी सूर्य 10 अप्रैल से 23 अगस्त तक नहीं डूबता है। अगर आप गर्मियों में घूमने की तैयारी कर रहे हैं, तो यहां पर जा सकते हैं।
**कनाडा :** कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में नुनावुत शहर स्थित है। आर्कटिक सर्कल से लगभग दो डिग्री ऊपर स्थित यह शहर बेहद खूबसूरत है। इस शहर में लगातार दो महीने सूर्य अस्त नहीं होता है। सर्दी के मौसम में यहां पर 30 दिन तक सिर्फ रात रहती है और सूर्य नहीं निकलता है।
**आइसलैंड :** यूरोप के सबसे बड़े द्वीपों में शामिल आइसलैंड में जून में कभी सूर्य अस्त नहीं होता है। यहां पर 24 घंटे दिन रहता है। ग्रेट ब्रिटेन के बाद आइसलैंड यूरोप का सबसे बड़ा द्वीप है।

# एक खास उम्र में शुरू हो जाता है बुरी आदतों का असर, रिसर्च ने किया चौंकाने वाला खुलासा!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंसान को सेहत बनाने के लिए बहुत अनुशासित और कई बुरी आदतों से दूर रहना होता है। इनमें सिगरेट शराब का सेवन, सबसे प्रमुख और खतरनाक माना जाता है। वैज्ञानिक और डॉक्टर ये तो बताते हैं कि खराब आदतों और गड़बड़ लाइफस्टाइल इंसान को लंबे जीवन जीने से रोकती है। पर यह बताना मुश्कल है कि ऐसा कब से शुरू होने लगेगा और इनके रहते समय के साथ सेहतमंद बने रहना भी मुश्किल होता चला जाता है। अब एक अनूठी रिसर्च में वैज्ञानिकों ने यह पता लगा लिया है कि आखिर किस उम्र में ये बुरी आदतें शरीर पर दिखाना शुरू कर देती हैं

### कैसे की रिसर्च

इस रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों की एक टीम ने 1959 के बाद पैदा हुए सैंकड़ों बच्चों पर उनकी 61 साल की उम्र तक नजर रख पड़ताल की। रिसर्च में उन्होंने एक चौंकाने वाला नतीजा मिला कि जो लोग नियमित तौर से शराब पीते हैं, सिगेरट पीते हैं , और बहुत ही कम कसरत करते हैं, उनमें बीमार होने या निराश होने की संभावना कम हो जाती है। और यह सब केवल 36 साल की उम्र में ही शुरू हो जाता है।



### बुरा होने लगता है सेहत का हाल

फिनलैंड में लॉरिया यूनिवर्सिटी की डॉ. टिया केकेलेनेन का कहना है कि उनकी पड़ताल के नतीजों से पता चला है कि लंबे समय तक होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सेहत संबंधी बर्ताव से जल्दी निपट लेना चाहिए। खराब आदतें आखिर में बुरी मानसिक और शारीरिक अवस्था में पहुंचा देती हैं। रिसर्च के नतीजे एनल्स ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं।

### उस खास उम्र से ही

एक्सपर्ट्स का कहना है कि सुस्त और गतिहीन लाइफस्टाइल कई तरह की सेहत संबंधी समस्याएं देती हैं जिनमें सबसे प्रमुख शारीरिक समस्याएं होती हैं। वहीं, दूसरी तरफ धूम्रपान का संबंध मानसिक स्वास्थ्य से है और शराब का सेवन पूरी के पूरे स्वास्थ्य पर ही बुरा असर डालता है। पर शोधकर्ताओं का कहना हैकि अगर इन बुरी आदतों को मिडिलएज में यानी 36 साल से पहले ही छोड़ दिया तो बुढ़ापे में सेहत बेहतर रहेगी। केकेलेनेन का कहना है कि दिल के रोग और कैंसर से दुनिया में तीन चौथाई मौतें होती हैं। लेकिन, केवल अच्छी लाइफ स्टाइल से इसका जोखिम काफी कम किया जा सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मेडिकल घोटाले में...

है कि दवा कॉर्पोरेशन में बसंत कुमार कौशिक की सीजीएमएससी मे पदस्थापना शशांक चोपड़ा के प्रभाव से हुई थी और वे मोक्षित नेटवर्क के रणनीतिक सदस्य थे। सीडीआर में उनके बीच नियमित संपर्क होने की पुष्टि हुई है। बसंत ने क्षिरोद्र रौतिया के साथ मिलकर फ्री के टेस्ट को खरीदने खेल खेला था। कंपनी को भुगतान के लिए ईएमआईएस पोर्टल का उपयोग स्वास्थ्य इंस्टालेशन की प्रामाणिक जानकारी दर्ज करने के लिए किया जाता था। इसमें मोक्षित कॉर्पोरेशन के उपकरणों की झूठे प्रमाणपत्र अपलोड किए गए और दवा कॉर्पोरेशन की हार्डकॉपी जमा की गई। इस दस्तावेज के आधार पर मोक्षित को 44.01 करोड़ रुपए की भुगतान राशि जारी कर दी गई। इसी तरह हमर लैब के उपकरणों के दौरान मोक्षित कॉर्पोरेशन की साथी कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर तात्कालीन एमडी सीजीएमएससी ने अपात्र किए जाने का निर्देश दिया था। इसका पालन करने के बजाय अधिकारी कमलकांत पाटनवार बीमारी का बहाना बनाकर अस्पताल में भर्ती हो गया। एमडी अभिजीत सिंह के हटने के बाद निर्देश को दरकिनार किया गया और टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर दी गई।

### किस आरोपी की...

हो जाए, इसलिए जानबूझकर बीमारी के बहाने से अस्पताल में भर्ती हो गए। उपकरण और रीएजेंट की न्यूनतम बाजार दर का मूल्यांकन नहीं कराया। इसके एवज में उसे 0.5 प्रतिशत कमीशन मिलने के साक्ष्य मिले।

**6. शशांक चोपड़ा :-** मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा पर कार्टेलाइजेशन का सूत्रधार होने और टेलरमेड के माध्यम से टेंडर हासिल करने साजिश रचने का आरोप है। अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर सुनियोजित आर्थिक घोटाले का संचालन, निजी लाभ के लिए बोगस बिल का उपयोग, आने वाली आपत्तियों का दूषित तरीके से निराकरण कराने का आरोप है।

### एके-47 और एम4...

फॉरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की सहायता से टीम पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं, ताकि उस आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया जा सके, जिसके कारण यह भयावह हमला हुआ। इस हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। कश्मीर में हुए सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक को अंजाम देने वाले घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों से भी बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए के बयान के अनुसार आतंकवाद रोधी एजेंसी के एक महानिरीक्षक, एक उपमहानिरीक्षक और एक अधीक्षक की निगरानी में गठित टीम जम्मू-कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए हमले के प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही हैं। लक्षित हमले में आतंकवादियों के एक समूह ने भोजनालयों के आसपास बैठे, टट्टू की सवारी कर रहे या अपने बच्चों और माता-पिता सहित अपने परिवारों के साथ 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहे जाने वाले घास के मैदान में पिकनिक मना रहे पर्यटकों की हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारियों की अलग-अलग टीम आतंकवादी हमले में जीवित बचे लोगों से जानकारी लेने के लिए देश भर का दौरा कर रही हैं। बताया जा रहा है कि यह हमला पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) द्वारा कराया गया था। उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम ने महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए हैं। उन्होंने बताया कि इस नृशंस आतंकवादी हमले की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इसमें शामिल आतंकवादियों की संख्या पांच से सात तक थी। अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों को पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम दो स्थानीय आतंकवादियों से भी मदद मिली थी। सुरक्षा एजेंसियों ने हमले में संलिप्तता के संदेह में तीन आतंकवादियों के रेखाचित्र जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि तीनों पाकिस्तानी हैं और इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादियों के बारे में सूचना देने वाले को 20-20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। अधिकारियों ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने अपने बर्बर कृत्य को रिकॉर्ड करने के लिए 'बॉडी कैमरों' का इस्तेमाल किया था।**सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल बने अहम चश्मदीद**-यही नहीं, एक और चश्मदीद भी इस हमले की जांच में बेहद अहम है। मौके पर भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल भी मौजूद थे। वह अपने परिवार के साथ वहां छुट्टियां मना रहे थे। सूत्रों के अनुसार, वह जम्मू-कश्मीर में ही उनकी तैनाती है और घटना को लेकर एजेंसी को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने जरूरी सुराग भी मुहैया कराए हैं।

### मोदी बोले- हर भारतीय...

है, पर्यटन में रिकॉर्ड उछाल आ रहा है, लोकतंत्र मजबूत हो रहा है और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश और कश्मीर के दुश्मनों को यह पसंद नहीं है तथा वे चाहते हैं कि घाटी फिर से तबाह हो जाए। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है।**पीड़ित परिवारों के प्रति जताई संवेदना-** मोदी ने कहा कि दुनिया देख रही है कि भारत इस हमले के खिलाफ एक सुर में बोल रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एकता आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का सबसे बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे कोई किसी भी राज्य में रहता हो और कोई भी भाषा बोलता हो, पीड़ितों के परिवारों के प्रति सभी को गहरी संवेदना है।

### छह दिन में जवानों...

आगे बढ़ रहे हैं। अब तक वहां से 100 आईडी बम निष्क्रिय किए जा चुके हैं। अभियान के छठे दिन आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान कोबरा बटालियन का एक जवान बम की जद में आने से घायल हो गया, जिसका जिला मुख्यालय बीजापुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। करेंगुट्टा की पहाड़ी में अभियान के दौरान रविवार सुबह सीआरपीएफ कोबरा बटालियन का एक जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान जवान के बाएं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल का बीजापुर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। घायल जवान मुंसिफ खान जो कोबरा बटालियन का बताया जा रहा है। **छठे दिन भी होती रही गोलीबारी –** सूत्रों की माने तो पहाड़ पर छिपे नक्सलियों द्वारा जवानों को निशाना बनाते हुए फायर किया जा रहा है, जिसका जवानों द्वारा बहादुरी से जवाब दिया जा रहा है। नक्सलियों व फोर्स के बीच रुक रुककर गोलीबारी लगातार जारी है। इस अभियान में जवानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती नक्सलियों द्वारा पूरे इलाके में की गई आईईडी है, जिसे लगातार निष्क्रिय कर जवान आगे बढ़ रहे है। अभियान के दौरान अब तक सौ से अधिक आईईडी मौके पर निष्क्रिय किया जा चुका है, लेकिन अभी भी सैकड़ों की संख्या में आईईडी को निष्क्रिय करना बाकी है। गौरतलब है कि इस अभियान में तीन राज्यों की 10 हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है।

### एनसीईआरटी की नई ...

की गई हैं। एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत से जुड़े पाठों को छोटा कर दिया था। इसमें तुगलक, खिलजी, मामलुक और लोदी जैसे राजवंशों का विस्तृत विवरण और मुगल सम्राटों की उपलब्धियों पर दो-पृष्ठ की तालिका शामिल थी। ये कवायद 2022-23 में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के लिए की गई थी, हालांकि, नई पाठ्यपुस्तक में अब उनके सभी संदर्भों को हटा दिया है। पुस्तक में 'भूमि कैसे पवित्र बनती है' नामक अध्याय है, जो इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख जैसे धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों पर केंद्रित है। इस साल की शुरुआत में प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले का भी पुस्तक में उल्लेख है। इसमें बताया गया है कि कैसे लगभग 66 करोड़ लोगों ने महाकुम्भ में भाग लिया। हालांकि, भगदड़ की घटना का कोई उल्लेख नहीं है जिसमें 30 तीर्थयात्री मारे गए और कई घायल हो गए। नई पाठ्यपुस्तक में 'मेक इन इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'अटल सुरंग' जैसी सरकारी पहल का संदर्भ भी शामिल किया गया है।

### 'हरियर' होगी नई...

हरा-भरा बनाने की। इस काम के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से हरा-भरा गार्डन बनाया जाना है। सरकार के उद्यानिकी विभाग ने एक टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से जारी किया है। मई में टेंडर संबंधी प्रक्रिया शुरू होगी।

### 10 राज्यों में बढ़ेगी...

सब्जियां और फल प्रभावित हो सकते हैं। कर्नाटक के उत्तरी आंतरिक भागों में भी ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है जो स्थानीय किसानों के लिए एक नई चुनौती बन सकती है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। महाराष्ट्र के विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सर्वाधिक तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के आदमपुर में सबसे कम 18.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। इससे पहले, 2022 में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मध्य भारत, खासकर मध्य प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्यों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट संभावित है। वहीं, महाराष्ट्र में अगले पांच दिनों में यह 2 से 4 डिग्री तक घट सकता है। इससे इन राज्यों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मध्य असम, पूर्वी बिहार और उससे सटे उप हिमालयी पश्चिम बंगाल के निचले क्षोभमंडल स्तरों पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। तेलंगाना से मन्नार की खाड़ी तक एक कम दबाव का क्षेत्र भी बना है। वहीं, दक्षिण पश्चिम राजस्थान और ऊसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। मौसम संबंधी इन प्रणालियों के प्रभाव से उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश, बिजली गिरने और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। 27 अप्रैल से 1 मई के बीच मध्य भारत और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 60 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चल सकती हैं।

**दक्षिण भारत में तेज हवाओं के साथ बारिश –**
भारत का दक्षिणी प्रायद्वीप भी मौसम के बदलाव से अछूता नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 7 दिनों तक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 50 किमी प्रति घंटे तक की तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और बारिश की संभावना है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर सिस्टम से संबंधित ऑफिस/ फील्ड कार्य हेतु डिप्लोमा इलेक्ट्रीकल/ ITI इलेक्ट्रीकल को प्राथमिकता सम्पर्क करें- शिखा सोलर सालूशन नेहरू नगर बिलासपुर 93012 19664, 9827166595 (37576)

आवश्यकता है- बिलासा फाइनेंशियल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है योग्यता स्नातक, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7879923905, 99770 89866 (37574)

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट में काम करने हेतु तन्दूर कुक, इंडियन कुक, किचन हेल्पर, वेटर लड़का या लड़की की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करें- सांझा चूल्हा रेस्टोरेन्ट महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8319344041 (37559)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें:- जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (37564)

आवश्यकता है- कार्यालय सहायक (ऑफिस प्यून) चाहिए। वेतन 7000 प्रतिमाह, कार्य समय सुबह 10:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक, इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- P2, संजय अपार्टमेंट, व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9179991222 (37562)

आवश्यकता है- ऑथर्स क्लीक प्रकाशन में टेलीकॉलिंग हेतु लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता ग्रेजुएट सम्पर्क करें- वासुदेव कॉम्प्लेक्स, फर्स्ट फ्लोर, विजयापुरम गेट के बगल में, सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर 8815446519, 7470907361 (37571)

आवश्यकता है- तीन लोगों के लिए शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने के लिए एक फीमेल कुक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 8319900169 (37542)

**शीघ्र आवश्यकता है**
महिन्द्रा ट्रैक्टर के डीलर को निम्न पदों आवश्यकता है
ट्रैक्टर मैकेनिक/हेल्पर-3 पद
सेल्समेन (10वीं पास) -3 पद
कम्प्यूटर ऑपरेटर-1 पद
संपूर्ण बायोडाटा सहित स्वयं संपर्क करें (समय 11 से 6 बजे)
**सेंट्रल इंडिया मोटर्स**
हीरो होंडा एजेंसी के बगल में महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर
07752-247707

आवश्यकता है- सलवार सूट लहंगा ब्लाउज गाउन सिलाई करने वाले महिला एवं पुरुष की आवश्यकता है वेतन 25000 से 30000 सम्पर्क करें- परफेक्ट बुटिक मुंगेली नाका बिलासपुर 7389444785 (37554)

आवश्यकता है- टर्नर, फिटर, वेल्डर, हेल्पर, शिफ्ट इंचार्ज, CRO, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर चाहिए अनुभवी योग्य उम्मीदवार अपना बायोडाटा ईमेल/ वॉट्सएप द्वारा भेजें- hr.saspl@ gmail.com 9301548687 सृजन एलॉयज एण्ड स्टील प्राइवेट लिमिटेड, सिलपहरी, बिलासपुर (37565)

आवश्यकता है-बुकिंग में इनोवा, क्रिस्टा कार चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्रायवर चाहिए जो आटोमेटिक गाड़ी चलाना जानता हो फिक्स वेतन 16000 या 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट, बाहरी के रहने की व्यवस्था सम्पर्क सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स 97554 4037, 6264125145 (37512)

आवश्यकता है- एक सेल्समैन जिसे जेनेरिक दवाईयों एवं मार्केटिंग की जानकारी हो और एक हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अनन्त मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 62621 00422, 9421732836 (37543)

आवश्यकता है-(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

आवश्यकता है- होलसेल मेडिकल एजेन्सी में फुल टाइम कार्य हेतु अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7999934599 (37522)

आवश्यकता है- बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिलों में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर गन मैन की आवश्यकता है। PF, ESIC, मेडिकल, आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 91111 75190, 9098318675 (37521)

आवश्यकता है- मार्केटिंग कार्य करने हेतु सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है वेतन 10000 से 20000 सम्पर्क करें- प्लस ऑटोमोबाइल शीतला माता मंदिर के पास तारबाहर चौक बिलासपुर (15329)

आवश्यकता है- फर्नीचर शोरूम में लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। आधार कार्ड की फोटोकॉपी के साथ सम्पर्क करें- सुधा सेल्स सत्या शोरूम के बाजू में नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर 96306 26856 (37540)

आवश्यकता है-बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता- दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 (37283)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजाज रोप सेन्टर गोल बाजार बिलासपुर (37529)

**आवश्यकता है- होटल सत्कार डीलक्स में किचन के लिए कुक एवं हेल्पर, सर्विस के लिए वेटर, काउंटर के लिए कैशियर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता भोजन एवं रहने की सुविधा मुफ्त। सम्पर्क करें- रानी रोड इतवारी बाजार, कोरबा 8770101081, 98271 73856 (20975)**

आवश्यकता है- रेडीमेड शोरूम में 3वर्ष के पुराने अनुभवी युवक/युवती सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन 10000 से शुरू सम्पर्क करें- नेशनल होजियरी NX सदर बाजार बिलासपुर (37563)

आवश्यकता है- घर के कपड़े, बर्तन की साफ सफाई हेतु महिला चाहिए। सम्पर्क करें- सुबह 9 से शाम 7 बजे डॉक्टर अनिल अग्रवाल प्रकृति लूथरा नर्सिंग होम के पीछे नेहरु नगर बिलासपुर 7999877858 (37545)

आवश्यकता है- सूर्या बार में काम करने के लिए वेटर एवं गार्ड की आवश्यकता है अनुभव वाले सम्पर्क करें- सूर्या बार, पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9755001888 (37557)

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु महिला पुरुष की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 (37539)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु फुल टाइम एकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे Tally Prime/ Busy अनुभव हो, सम्पर्क करें- अविनाश मोदी, पी-2 संजय अपार्टमेंट व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 (37531)

आवश्यकता है- लड़के, लड़कियों की एजेंसी दुकान पर सेल्समैन, सामान उतारने, चढ़ाने शिक्षित एवं कम्प्यूटर जानकार। वेतन योग्यतानुसार। परिचय पत्र रिज्यूम सहित सम्पर्क करें- दीनयाल गार्डन के पास व्यापार विहार बिलासपुर 9827901002 (37544)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो कार्या.- शाप नं-8 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 0771-4036689, 97703 04037, 8120957510 (046)

आवश्यकता है- आशीष रोड लाइन फर्म में ऑफिस कार्य हेतु दो लोगों की आवश्यकता है। मिनिमम क्वालीफिकेशन 12वीं पास सम्पर्क करें- आशीष रोड लाइन्स, झांझरिया मेंशन के पास, स्टेशन रोड बिलासपुर 7000857988 (37534)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर आपरेटर- 1 एवं ऑफिस स्टाफ- 1 की आवश्यकता है। वेतन 9000 से 10000 सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी, गुम्बर पैट्रोल पम्प के सामने, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (37532)

आवश्यकता है- भारी संख्या में अतिशीघ्र सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752448013 (37516)

आवश्यकता है-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है, समय सुबह 10 से 5.30 तक, वेतन 6000/- 6500/- संपर्क करें:- कुदुदंड अरुण आइसक्रीम के पास बिलासपुर 9303002278 (072)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, 18-30वर्ष लड़को की शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 76111 01122 7611101133 (0328)

आवश्यकता है- सिलतरा रायपुर हेतु, फिल्ड अधिकारी 4, सुपरवाइजर 16, सुरक्षा गार्ड 110, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 योग्यता 10वीं स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434, चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर 7747000019, 77460 00016, 7747000016 (074)

आवश्यकता है- सीसीटीवी कैमरा/ डीटीएच फिटिंग, ऑफिस में हेल्पर, सेल्स मार्केटिंग व कंप्यूटर वर्क हेतु लड़के/ लड़कियों की और जनरल शॉप हेतु लड़के की आवश्यकता है संपर्कः- निशानियां मार्केटिंग जूनी लाईन 9993455200, 07752 415700 (071)

आवश्यकता है- सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़को की (स्वयं का बाइक अनिवार्य) समान छोड़ने लाने हेतु योग्यता दसवीं+ बारवी एंड ऑफिस बॉय/गर्ल की आवश्यकता है संपर्कः- श्री विनायक सेल्स अज्ञेय नगर बिलासपुर 98933 67787 (070)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के लड़कियां 22500-62500 महीना लोडर चैकर सुपरवाइजर रहना खाना फंड बोनस 8053979338 (843)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8922962153 (842)

आवश्यकता है-रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें 81090 70600 (7086)

आवश्यकता है-ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 63952 68809, 7252820491 (319)

## बेचना है

बेचना है- 2BHK फ्लैट फर्स्ट फ्लोर मुंगेली नाका सर्किट हाउस के सामने लिफ्ट पार्किंग सुविधा संपर्क करें 9302078011, 735404 6205 (37527)

बेचना है- बिरकोना मुख्य मार्ग से लगा 40×25 वर्गफीट आवासीय प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9009087092, 9301355763 (37550)

बेचना है-अज्ञेय नगर 30×50, अल्का एवेन्यू 45×85 शान्ती नगर 30×54, डबल स्टोरी मकान, अपोलो हास्पीटल 24×64 शुभम विहार 72×43, 24×43, 36×43 मरीमाई मेन रोड 132×82, परिजात कॉलोनी 76×76 सम्पर्क करें- 9425540759 (37245)

बेचना है- 50 एकड़ जमीन रायपुर रोड पर बिलासपुर से मात्र 25 किलोमीटर 40 फिट रोड पर नेशनल हाईवे से 5 किलोमीटर जमीन बेचना है। दलाल क्षमा करें। सम्पर्क करें- 8878820110 (37546)

बेचना है- 24×48= 1200 वर्गफीट जमीन मोपका रवि रिसोर्ट पैट्रोल पम्प के सामने 2100 वर्गफीट में बेचना है। मेन रोड से लगा हुआ सम्पर्क करें- 9691596978 (37525)

मकान बेचना है- प्लाट साइज 60x24=1440 कंशट्रक्शन एरिया 3550 किराया 30,000/- माह (तीन फ्लोर) वॉलफोर्ट के समीप रिंगरोड 01, भाटागांव रायपुर (नये बस स्टैण्ड के समीप) मूल्य 90 लाख मो. 95750 86006 (7313)

बेचना है- प्रथमेश विहार, घुरु, अमेरी में सुंदर सुव्यवस्थित स्वतंत्र 2BHK, हॉल किचन पूजा कक्ष पोर्च मकान बेचना है। शांत सुरक्षित रिहायशी क्षेत्र में स्थित सीधा मालिक से सम्पर्क करें- 9174086706 (37553)

बेचना है- तखतपुर मेन रोड पर पुराना, बस स्टैण्ड पर स्थित 80×70 वर्गफीट में बना सर्वसुविधा युक्त मकान एवं टिकरीपारा तखतपुर में 82 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7999075751 (37573)

बेचना है- ड्रीम रेसीडेंसी अशोक नगर बिरकोना रोड में 36×45.3 =1630 वर्गफीट डबल रोड कार्नर प्लॉट फ्रंट का बेचना है (दलाल क्षमा करें) सम्पर्क करें- 98271 10714, 7999481154 (37575)

Medicare Specialists

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गुप्त रोगो का सफल ईलाज



गुप्त रोग, नामर्दी
लिंग में छोटापन।
शीघ्र पतन
पेशाब से धातू जाना।
लिंग में ढीलापन,
शुक्राणु की कमी।
शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

बेचना है-ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन, कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन, अपोलो हॉस्पिटल, SECL मुख्यालय मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क- 83192 51951, 7828225044 (054)

## किराया

किराया- सीएमडी कॉलेज के सामने लिंक रोड पर मेन रोड की दुकान सांई प्लाजा कॉम्प्लेक्स में किराए से देना है सम्पर्क करें- 9827168592 (37572)

किराया- मंगला चौक में ग्राउंड फ्लोर में 15×60 की दो, फर्स्ट फ्लोर में दो दुकानें, 30×60 हॉल, 15×60 का बेसमेंट पार्किंग हास्पीटल हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9981922140, 9039214975 (37569)

किराया- सेन्ट फ्रान्सिस स्कूल के पास 1BHK, 3BHK, 4BHK स्वतंत्र सर्व सुविधा युक्त मकान एवं विनायक प्लाजा उसलापुर में आफिस किराए से देना है सम्पर्क करें- 9755150356, 7999313165 (37517)

किराया- राजेन्द्र नगर तिवारी चाल श्री अमर अग्रवाल जी के घर के पास 2BHK फ्लैट फर्स्ट फ्लोर में किराये से देना है बैंक, सरकारी कर्मचारियों को प्राथमिकता तत्काल सम्पर्क 9425532436 (37558)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586



# कोपा डेल रे कप : बार्सिलोना 32वें बार बना चैंपियन, 43वें बार खेला फाइनल मुकाबला

एजेंसी ▸▸ सेविले

जूल्स कौंडे के 116वें मिनट में अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है।

- 3-2 से रियल मैड्रिड को हराया
- 11 बार उपविजेता रही टीम
- चैंपियंस लीग और ला लिगा खिताब से एक कदम दूर
- 20 बार रियल मैड्रिड चैंपियन
- 24 खिताब के साथ बिलबाओ दूसरे स्थान पर




### अतिरिक्त समय में मिली जीत

पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

### सत्र में तीसरी जीत

बार्सिलोना ने इस सत्र में रियल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

## एफए कप फाइनल में पहुंचा क्रिस्टल पैलेस

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एज़े ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से भिड़ेगा।

## रोनाल्डो ने दागा टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल



**जेद्दा।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

**ऑरेंज कैप**



सूर्यकुमार
427 रन
मुंबई

**पर्पल कैप**



जोश हेजलवुड
17 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### प्रभसिमरन इस सत्र में अधिक परिपक्व

**कोलकाता।** जाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र ने अधिक



परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं। पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि यह मैच धुल गया।

### आक्रामक गेंदबाजी से उनका भी दिन बन जाएगा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन



अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर रहे सारा और जोशुआ

**बेंगलुरु।** सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए। विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं।

## आईपीएल : 10 मैच में 12 अंक लेकर नंबर 2 बनी इंडियंस

# मुंबई की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह का 'चौका', रिकलटन और सूर्या के अर्धशतक

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटन्स (12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 161 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की।



## स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का बदोनी बो राठी | 58 | 32 | 6 | 4 |
| रोहित का प्रिंस बो मयंक | 12 | 05 | 0 | 2 |
| विल जैक्स बो प्रिंस यादव | 29 | 21 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का मार्श बो आवेश | 54 | 28 | 4 | 4 |
| तिलक का प्रिंस बो बिश्नोई | 06 | 05 | 1 | 0 |
| हार्दिक पंड्या बो मयंक | 05 | 07 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 25 | 11 | 2 | 2 |
| बॉश का पूरन बो आवेश | 20 | 10 | 2 | 1 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 215/7
गेंदबाजी : मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, राठी 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-2.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का तिलक बो बोल्ट | 34 | 24 | 3 | 2 |
| मारक्रम का नमन बो बुमराह | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो जैक्स | 27 | 15 | 1 | 3 |
| पंत का कर्ण बो जैक्स | 04 | 02 | 1 | 0 |
| बदोनी का जैक्स बो बोल्ट | 35 | 22 | 2 | 2 |
| मिलर का बॉश बो बुमराह | 24 | 16 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद बो बुमराह | 02 | 04 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो बॉश | 13 | 14 | 0 | 2 |
| आवेश खान बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी बो बोल्ट | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-20-3, चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, पंड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1.

### सूर्या के 4 हजार रन पूरे

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं। एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के बाद सूर्या ने सबसे कम गेंदों में ऐसा कारनामा किया है। गेल ने 4 हजार रन पूरे करने के लिए 2653 गेंदों का सामना किया था, जबकि डिविलियर्स ने 2658 गेंदों का सामना किया था। वहीं, सूर्या ने इसे करने के लिए 2705 गेंदों का सामना किया है।

### ऑरेंज कप पर सूर्या का कब्जा

ऑरेंज कप यानी आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सूर्यकुमार यादव अब सबसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। 10 मैच में सूर्या के बल्ले से अबतक 427 रन निकले हैं, जबकि 8 पारियों में साई ने 417 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 9 मैच में 392 रन बनाए हैं।

# बेंगलुरु घर के बाहर लगातार 6 मैच जीतने वाली पहली टीम



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अपने मैदान पर खेल रहे विराट कोहली और कृणाल पंड्या के बीच चौथे विकेट के लिए 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल के मैच में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। जीत के लिए 163 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने एक समय 26 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद 18.3 ओवर में चार विकेट पर 165 रन बनाए। आरसीबी अपने मैदान से बाहर लगातार छह मैच जीतने वाली आईपीएल के इतिहास में पहली टीम बन गई।

**खास बात**
- 10 मैच में 14 अंक से तालिका में शीर्ष पर बनाई जगह

खचाखच भरे अरुण जेटली स्टेडियम पर 'कोहली कोहली' के शोर के बीच विराट ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए 47 गेंद में चार चौकों की मदद से 51 रन बनाए जबकि कृणाल ने 47 गेंद में नाबाद 73 रन बनाए जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे। इस जीत के बाद आरसीबी 10 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली नौ मैचों में 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आखिरी ओवरों में ट्रिस्टन स्टब्स के 18 गेंद में 34 रन और केएल राहुल के 41 रन की मदद से आठ विकेट पर 162 रन पर बनाए।

## सुदीरमन कप

# भारत पहले मुकाबले में डेनमार्क से 1-4 से हारा




एजेंसी ▸▸ शियामेन

पीवी सिंधू और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की हार के झटके से उबरने में नाकाम रही भारतीय टीम को बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में रविवार को यहां डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशिया और इंग्लैंड के साथ एक कठिन ग्रुप में रखे गए भारत को अपनी क्वालिफिकेशन उम्मीदों को जीवित रखने के लिए मजबूत शुरुआत की जरूरत थी लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। डेनमार्क ने पांच मैचों के मुकाबले के पहले तीन मैच जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारतीय अभियान की शुरुआत की, लेकिनजेस्पर टोफ्ट और अमाली मैगेलुंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी से 13-21, 14-21 से हार गई। प्रणय इसके बाद दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर नहीं दे सके। उन्हें सीधे गेम में 15-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में भारत को बनाये रखने की जिम्मेदारी अब हरिहरन अम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पर थी लेकिन यह मुकाबला पूरी तरह एकतरफा साबित हुआ।

### सिंधू फार्म में नहीं, वापसी में फेल



चोट से वापसी के बाद खराब लय से गुजर रही विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू दोनों गेम में 20-16 और 19-12 की बड़ी बढ़त को भुनाने में नाकाम रही। इस साल पांच टूर्नामेंटों में सिर्फ तीन जीत दर्ज करने वाली सिंधू को लाइन होजमार्क केजेर्सफेल्ड ने 22-20, 23-21 से शिकस्त दी। तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा ने महिला युगल में जीत हासिल करके भारत के लिए कुछ सम्मान बचाया। भारतीय जोड़ी ने निचली रैंकिंग वाली डेनमार्क की जोड़ी नतास्जा पी. एंथनीसन और एलेक्जेंड्रा बोजे को हराया। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को इंडोनेशिया की मजबूत टीम से होगा।

## भारत के 14 मुक्केबाज एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। रवी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई।

# भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸ कोलंबो



सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर स्नेह राणा और पदार्पण कर रही श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया।

बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## अभिनव निशानेबाजी में जीते तीन स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** युवा अभिनव शॉ ने रविवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में सीनियर, जूनियर और युवा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। अभिनव ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम फाइनल में मेहुली घोष के साथ मिलकर रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया।जूनियर स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में अभिनव ने स्वाति चौधरी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महाराष्ट्र की शम्भवी क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने को 16-12 से हराया। अभिनव ने युवा वर्ग में संद्रता रॉय के साथ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की। इस जोड़ी ने मध्य प्रदेश की निखिल पुंडीर और गौतमी भनोट की जोड़ी को 17-5 से हराया।

## टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला शाम 7.30 बजे

# आज जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचेगा गुजरात



एजेंसी ▸▸ जयपुर

शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंचना होगा।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम आठ मैचों में से छह जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में शीर्ष पर काबिज है और उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो और जीत की जरूरत है। टाइटंस ने मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और उसे सिर्फ दो बार हार सामना करना पड़ा है। साई सुदर्शन और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः ऑरेंज (सबसे ज्यादा रन) और पर्पल (सबसे ज्यादा विकेट) कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। गुजरात की इस टीम के लिए गिल, सुदर्शन और जोस बटलर शानदार लय में है। इस तिकड़ी के तीनों बल्लेबाजों ने मौजूदा सत्र में 300 से अधिक रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 150 से अधिक रहा है। कई चोटों के बाद प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने शानदार प्रदर्शन किया है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (STORE & PURCHASE)**
Third floor, SLDC Building, CSPTCL, Danganiya Raipur-492013.
Website- www.cspc.co.in Phone No. 0771-2574240/4239/4106

No.02-16/CE/ TR-25/ S&P/01/2236 Raipur, Date:- 25.04.2025

**E- TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for deployment of following manpower for Executive Engineer (Area Store), CSPTCL, Bilaspur for a period of one year.

| S N | Tender No. | Particulars | Qty | E.M.D | Last date of submission of Tender | Due date of opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | TR-25/ S&P/01 RFx. No. 8100042885 | Computer Operator | 04 Nos. | Rs. 36,500/- | 15/05/2025 (15.00 Hrs.) | 15/05/2025 (15.30 Hrs) |
| | | Security Guard | 07 Nos. | | | |
| | | Line Attendant Gr-III (Unskilled) | 06 Nos. | | | |

Note:- For other details of NIT, please visit our website www.cspc.co.in
SAVE ELECTRICITY
(Er. K.B. Patre)
Chief Engineer (S&P) CSPTCL : Raipur

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
-: ईश्तहार :-
रा.प्र.क्र. 202504321400009 / बी-121/2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिलोकचंद्र चतुर्वेदी पिता बलित राम चतुर्वेदी, उम्र 29 वर्ष जाति -सतनामी, निवासी ग्राम-बोहारडीह, तहसील + थाना-आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका पुष्पांजली पिता कृष्ण कुमार, उम्र 28 वर्ष जाति -सतनामी, ग्राम-भटगांव, तहसील + थाना-भटगांव, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत् विवाह अनुष्ठापित किये जाने हेतु आवेदक के आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता 10, 12 वीं अंकसूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र तथा आवेदिका के आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता 10, 12 वीं अंकसूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र, शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

# 'देश से बड़ा कोई नहीं' अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर राणे ने दी नसीहत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की उस टिप्पणी से असहमति जताई जिसमें उन्होंने सिंधु नदी के जल प्रवाह को रोकने की भारत की क्षमता पर सवाल उठाया था।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से लिए गए सुरक्षा संबंधी फैसलों पर सार्वजनिक रूप से बहस नहीं होनी चाहिए। 22 अप्रैल को कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद केंद्र ने पाकिस्तान को दंडित करने के लिए कई कदम उठाए, जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित रखना भी शामिल है।

### शंकराचार्य ने केंद्र सरकार पर साधा था निशाना

वहीं शंकराचार्य के वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए नारायण राणे ने कहा, 'हम उनका सम्मान करते हैं, लेकिन यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया गया है। देश से बड़ा कोई नहीं है।' बता दें कि, आध्यात्मिक नेता ने दावा किया था कि भारत में सिंधु नदी के पानी को मोड़ने या बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे की कमी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाओं के निर्माण में दो दशक लग सकते हैं। वीडियो संदेश में सरस्वती ने संधि पर केंद्र के कदम को लोगों को बेवकूफ बनाने वाला बताया।

# भाजपा बोली- दुश्मन की कठपुतली

# पाक मीडिया में छाया सिद्धारमैया का 'युद्ध की जरूरत नहीं' वाला बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया का युद्ध की जरूरत नहीं वाला बयान पाकिस्तानी मीडिया में खूब छाया हुआ है। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धारमैया को घेरा है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करनी चाहिए। हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। इस बयान को पाकिस्तानी मीडिया ने खूब तरजीह दी। इसके बाद भाजपा ने सिद्धारमैया पर दुश्मन देश की कठपुतली की तरह काम करने का आरोप लगाया है।



### क्या कहा था सिद्धारमैया ने

पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करनी चाहिए। हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं। शांति होनी चाहिए, लोगों को सुरक्षा मिलनी चाहिए और केंद्र सरकार को सुरक्षा उपाय करने चाहिए।

### रातों-रात पाक में हो गए प्रसिद्ध : भाजपा नेता

इसे लेकर भाजपा नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को पाकिस्तान रत्न कहा। उन्होंने कहा कि आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाकिस्तान में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं। आपको बधाई। यदि आप कभी दोबारा पाकिस्तान जाते हैं, तो आपको शाही आतिथ्य की गारंटी है।

### पाकिस्तान देगा शांतिदूत का पुरस्कार

एक्स पर पोस्ट में आर अशोक ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि पाकिस्तान सरकार आपको पाकिस्तान के लिए वकालत करने वाले महान शांतिदूत के रूप में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित करती है। सार्वजनिक जीवन में सिद्धारमैया जैसे लोगों की उपस्थिति हमारे देश की सबसे बड़ी त्रासदी है।

### कांग्रेस की आदत हल्की फुल्की बातें करने की

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की पूरी दुनिया निंदा कर रही है, लेकिन कांग्रेस नेताओं की आदत बन गई है कि वे वास्तविक स्थिति को जाने बिना देश के बारे में हल्की-फुल्की बातें करते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पूरी दुनिया भारत के प्रति संवेदना व्यक्त कर रही है। अधिकांश देश भारत से कह रहे हैं कि वह आतंकियों को सबक सिखाए। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बयान दिया है कि हमें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों को दंडित नहीं करना चाहिए, बल्कि अपनी सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए। यह निंदनीय है।

# महाराष्ट्र से 107 पाकिस्तानियों के लापता होने की खबर निराधार : फडणवीस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य से 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने इन खबरों को निराधार बताते हुए लोगों से ऐसी झूठी खबरें न फैलाने की अपील भी की है। राज्य के गृह मंत्रालय का प्रभार संभालने के नाते फडणवीस ने स्पष्ट किया है कि कोई पाकिस्तानी लापता नहीं है और सभी नागरिकों का पता लगा लिया गया है। सभी को वापस पाकिस्तान भेजने की तैयारियां की जा रही है।

**समय से पहले पाक लौट जाएंगे नागरिक- फडणवीस :** मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय किए गए हैं कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश में न रहे। उन्हें उम्मीद है कि सभी पाकिस्तानी नागरिक समय सीमा से पहले वापस पाकिस्तान लौट जाएंगे।

### फडणवीस ने क्या दिया बयान?

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, गृह मंत्री के तौर पर मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबरें निराधार हैं और ऐसी भ्रामक सूचनाएं नहीं फैलाई जानी चाहिए।



सभी पाकिस्तानी नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि महाराष्ट्र में रह रहे 107 पाकिस्तानी नागरिक अचानक लापता हो गए हैं और उनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।


# मंदिर के शुद्धिकरण मामले में भाजपा ने आहूजा को किया बाहर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद वहां कथित तौर पर शुद्धिकरण किए जाने की घटना को लेकर पार्टी नेता ज्ञानदेव आहूजा की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर दी है। अलवर के राम मंदिर में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया था। उसके बाद भाजपा नेता आहूजा ने वहां गंगा जल का छिड़काव कर मंदिर का शुद्धिकरण किया था। भाजपा की ओर से रविवार को जारी एक आदेश के अनुसार, पार्टी की अनुशासन समिति की जांच रिपोर्ट के बाद आहूजा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आहूजा ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने दलित विरोधी कुछ नहीं किया है।'

### आहूजा ने की अनुशासनहीनता

समिति ने पाया कि आहूजा ने अनुशासनहीनता की थी। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उनकी पार्टी सदस्यता समाप्त करने के आदेश जारी किये। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस नेताओं ने आहूजा के कृत्य को दलित का अपमान बताया था। इससे पहले आज ज्ञानदेव आहूजा अनुशासन समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए पेश हुए।
















Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Chhattisgarh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016, 9425229083; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000, 7489026000, 7489025000; Jaswani Honda - 8358065000, 8358063000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012, 9754679867; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILASPUR:** Dream Honda - 07752-400957, 07752-409057, 9926802408; Maosaji Honda - 07752-412020, 7024149881; **BILHA:** Sai Honda -9179256022, 9827138322: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099, 7400540099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 07817-222396, 7694011206, 7694011208; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 9406108464, 9425251702; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 07759-222509, 9479025937, 7987973739; Krishna Korba Honda - 7747015377, 6232103020, 6232103021; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda- 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245, 7898410560; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400, 9300473589; Shanti Auto Honda - 9343609280, 9343609281; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095, 9926684331; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917, 8839264059; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 07752-417070, 417171, 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 0788 4067690, 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com